CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, बुधवार 24 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 324 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

## रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

**■ कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की**



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

# आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



**■ बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए**

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका, पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।






## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में हाथरस की महिला समेत 5 लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में कानपुर नेशनल हाईवे पर अकराबाद के गोपी पुल के पास एक कार और ट्रक में भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में कार में बैठी महिला समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रक का परिचालक बुरी तरह जल गया। ट्रक अलीगढ़ से एटा जा रहा था, जबकि कार एटा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर ट्रक में सामने से टकरा गई। हादसे के बाद नेशनल हाईवे जाम हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी देहात अमृत जैन ने विस्तृत जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह गोपी पुल पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

### उप्र लोकायुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी।

# आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसें 20 अक्टूबर से शुरू होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे
- 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा

**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक ने शाह टाइम्स को जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस काजी नुरुल्लाह शूस्तरी आगरा की याद में होंगी।

# अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का नक्शा खारिज

अयोध्या, वार्ता



- ढाई साल पहले मिली थी पांच एकड़ जमीन

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन छोड़ने के एवज में मुस्लिम पक्ष को धन्नीपुर में दी गई 5 एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने निरस्त कर दिया है। यह खुलासा आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में एडीए ने किया है। एडीए ने दावा किया है कि इस मस्जिद के निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट ने पहल की थी। ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए एडीए में आवेदन किया था, लेकिन ढाई साल बाद भी इससे संबंधित विभिन्न विभागों की एनओसी दाखिल नहीं कर सका है। इसकी वजह से ट्रस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अयोध्या में मस्जिद निर्माण का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

करीब साढ़े पांच सौ सालों से चले आ रहे संघर्ष के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला सुनाया था। इस फैसले के तहत विवादित जमीन हिंदुओं को देने और मुसलमानों को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया था। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिरके लिए भूमि पूजन किया और तय समय के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। अब इस मंदिर का काम अंतिम चरण में है। दूसरी ओर मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उसी समय मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। इसके बाद करीब ढाई साल पहले मुस्लिम पक्ष ने भी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट बनाकर मस्जिद बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए एडीए में ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी कर दिया, लेकिन इन ढाई सालों में यह ट्रस्ट वैध दस्तावेज नहीं जमा करा सका है। इसमें खासतौर पर विभिन्न विभागों की एनओसी मुख्य है। इसकी वजह से मस्जिद का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। वहीं अब एडीए ने ट्रस्ट द्वारा दाखिल नक्शे के आवेदन की फाइल ही खारिज कर दी है।

अयोध्या में नागेश निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण में सूचना के अधिकार के तहत इस मस्जिद के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में एडीए ने बताया कि विभिन्न विभागों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश न करने की वजह से मस्जिद का नक्शा खारिज किया गया है।

## अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

### आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

# उप्र के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूपी सीईओ ने जारी कर मांगा जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इन दलों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया मगर निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। नियमों के अनुसार प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि तीन अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।



सेंसेक्स 82102.10
निफ्टी 25169.50



सोना रु. 114179
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 134980
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट

## ऑटो-बैंकिंग शेयरों में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही, हालांकि ऑटो और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.87 अंक (0.07 प्रतिशत) की गिरावट में 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 81,776.53 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली से बाजार काफी हद तक उबरने में कामयाब रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली रही जबकि एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत गिर गया। टेक महिंद्रा में 2.07 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.94 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.90 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईटीसी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयर भी टूट गए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 2.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.94 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.83 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.81 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत, टाटा स्टील और एनटीपीसी दोनों का 1.11 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में कुल 3,136 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,714 के शेयर गिरावट में और 1,329 के बढ़त में रहे जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.13 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 फीसदी लुढ़क गया।

### सोना पहुंचा 114000 के पार, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने एक बार फिर से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 114179 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। सोना ही नहीं, चांदी भी रफ्तार के साथ भाग रही है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में चांदी भी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,34,980 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 1,03,810 रुपये और 24 कैरेट सोने का भाव 1,13,230 रुपये रहा, जबकि मुंबई में1,13,080 रुपये, चेन्नई में 1,13,790, कोलकाता में 1,13,080 और लखनऊ में 1,13,230 रुपये रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और साल के अंत तक अतिरिक्त रियायतों की संभावनाओं ने सोने के प्रति धारणा को मजबूत किया है, जबकि डॉलर इंडेक्स में नरमी और रुपये में कमजोरी ने भी इसमें तेजी ला दी है। केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, ईटीएफ में मजबूत निवेश और सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी ने कीमती धातुओं की मजबूती को और बढ़ाया है।

# नवी मुंबई से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस



**मुंबई।** एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नए हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी।

ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी। अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जाएगी, जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी। अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन भागीदार के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

### यूपी के किसानों के लिए खुशखबरी, सीएसए विवि से मिल सकेंगे बीज

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए विवि) के तिलहन अनुभाग में कृषि वैज्ञानिकों ने पहली बार सरसों की सुरेखा प्रजाति (केएमआर-16-2) को विकसित किया है, जिसका साल 2022 में विमोचन हुआ था और अब कृषि मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के किसानों को सरसों की यह एक नई प्रजाति खेती के लिए मिल जाएगी। सीएसए विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. महक सिंह ने बताया कि इस प्रजाति की खूबी है कि इसमें सर्वाधिक तेल की मात्रा 41.4 प्रतिशत तक मिली है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्योहार में मिला उपहार: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्योहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है। पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है।

औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं। जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। पात्रा ने कहा कि सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आजम खान की रिहाई पर प्रशासन रहा चौकन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान 23 महीने के बाद सीतापुर जेल से रिहा हो गए हैं। मंगलवार को सीतापुर जेल से उनकी रिहाई हुई है। इस दौरान जेल के बाहर पुलिस महकमें के आला अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात नजर आए। आजम खान के खिलाफ दर्ज 72 मुकदमों में रिहाई के आदेश सीतापुर जेल को मिले थे।

कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें मंगलवार को रिहा किया गया है। सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा- यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं



थी। आजम खान की रिहाई को लेकर सोमवार से ही तैयारी शुरू हो गई थी। आजम खान की आजादी का परवाना सोमवार की शाम को ही जिला कारागार पहुंच गया था। इसके बाद जेल प्रशासन ने उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। रिहाई के दौरान कहीं कोई बवाल न होने पाए, इसको लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। पुलिस महकमें के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रख रहे थे। जेल रोड पर किसी भी तरह की भीड़ न जुटने पाए इसके व्यापक इंतजाम किए गए थे। आजम खान की रिहाई के बाद वे करीब 100 गाड़ियों के काफिले के साथ सीतापुर से रामपुर के लिए रवाना हो गए।

## आजम खां की रिहाई पर अखिलेश यादव ने जताई खुशी, भाजपा पर लगाया भेदभाव का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आज़म खां की जेल से रिहाई पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हम सबके लिए खुशी का दिन है। उन्होंने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादियों को भरोसा था कि न्यायालय आज़म खां साहब के साथ न्याय करेगा। भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाए थे लेकिन अब उन्हें न्याय मिला है। हजरतगंज के जनपथ मार्केट में मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि आज़म खां साहब ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर समाजवाद की लड़ाई लड़ी और भाजपा से मुकाबला किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आगे चलकर उन पर लगे मुकदमे खत्म होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उपमुख्यमंत्री और अन्य भाजपाइयों के मुकदमे वापस लिए हैं, वैसे ही समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आज़म खां सहित पत्रकारों पर लगे मुकदमे भी वापस लिए जाएंगे। अखिलेश यादव ने भाजपा पर जातीय भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में थाना-चौकी से लेकर हर स्तर पर जाति के आधार पर पोलस्टग की गई है। गोरखपुर में एक ही जाति के लोगों को सबसे अधिक पोलस्टग मिली और एसटीएफ से लेकर ठेकों तक में जाति सर्वोपरि रही। उन्होंने कहा कि पांच हजार वर्षों से समाज भेदभाव झेल रहा है। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को भी इसका सामना करना पड़ा था। समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव ने लगातार जाति तोड़ो, समाज जोड़ो की बात की है।

# लखनऊ में प्रेम प्रसंग पर खूनी वारदात

### अली अब्बास को शादी का झांसा देकर बुलाया, पीट-पीटकर मार डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सआदतगंज इलाके में अंतरधार्मिक प्रेम प्रसंग एक दिल दहला देने वाली वारदात में बदल गया। बाइस वर्षीय अली अब्बास, जो कि ऑटो चालक आरिफ जमीर का बेटा था, पिछले चार वर्षों से एक युवती से प्रेम करता था। युवती का भाई हिमालय प्रजापति इस रिश्ते का विरोध करता था। बताया जाता है कि सोमवार की रात हिमालय ने अली अब्बास को बहाने से अपने घर बुलाया और कहा कि शादी की बात करनी है। शादी की उम्मीद लेकर पहुंचे अली अब्बास को घर पर हिमालय ने अपने दो साथियों सोनू और सौरभ के साथ मिलकर घेर लिया। तीनों ने मिलकर उसकी लाठी-डंडों और ईंटों से निर्मम पिटाई की। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना से इलाके में गहरा आक्रोश है। मृतक के पिता आरिफ जमीर की तहरीर पर थाना सआद. तगंज पुलिस ने हिमालय प्रजापति, सोनू और सौरभ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सोनू और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुख्य आरोपी हिमालय प्रजापति अब भी फरार बताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि अली अब्बास को धोखे से शादी का झांसा देकर बुलाया गया और बेरहमी से हत्या कर दी गई।

# राजभवन में होगा 5100 कन्याओं का पूजन, राज्यपाल आनंदीबेन करेंगी पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रेरणा परिवार की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में आगामी पच्चीस सितम्बर को राजभवन प्रांगण में पांच हजार एक सौ कन्याओं का पूजन किया जाएगा। लखनऊ व आसपास की दो सौ इक्यावन सेवा बस्तियों से कन्याएं इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। राजभवन पहुंचने पर उनका पांव प्रक्षालन कर, तिलक लगाकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया जाएगा। विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रेरणा परिवार के अध्यक्ष गुंजित कालरा ने बताया कि इस कन्या पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी। विशिष्ट अतिथियों में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी उपस्थित रहेंगे।

सचिव शिखा भार्गव ने कहा कि प्रेरणा परिवार की स्थापना मार्च दो हजार चौबीस में लखनऊ के ग्यारह युवा दंपतियों के सहयोग से की गई थी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ना तथा सामाजिक-सांस्कृतिक धरो. हर को संजोए रखना है। उपाध्यक्ष अक्षय खोसला ने बताया कि राजभवन के इस कन्या पूजन में देवी स्वरूपा कन्याओं के चरण पूजित किए जाएंगे, उन्हें भोजन कराया जाएगा और उपहार भेंट किए जाएंगे।

उन्हें चुनरी, प्रसाद, दक्षिणा, कापी-कलम और पुस्तक दी जाएगी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और देवी गीतों की प्रस्तुति भी होगी। प्रेरणा परिवार के संयुक्त सचिव पीयूष सिंह चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया। प्रेसवार्ता में अभिनव भार्गव, यशवर्धन अग्रवाल और प्रशांत भाटिया भी उपस्थित रहे।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मियों का आक्रोश 300 दिन पूरा

### शक्ति भवन पर अधिकारियों का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार को तीन सौ दिन का पड़ाव पार कर गया। इस मौके पर राजधानी के शक्ति भवन पर बिजली कर्मियों ने अधिकारियों का घेराव करते हुए एक बार फिर अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और निजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह निरस्त करने की मांग की।

आंदोलन के नेता शैलेंद्र दुबे ने स्पष्ट कहा कि जब तक निलंबित कर्मचारियों की बहाली नहीं होती, उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस




नहीं लिए जाते और सरकार निजीकरण की प्रक्रिया को रोकती नहीं, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ी तो इसे और उग्र रूप भी दिया जाएगा। हादसे और विवादों से गुजरते हुए यह आंदोलन लगातार संगठित रहा है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंपने की योजना का बिजली कर्मचारी लगातार विरोध करते रहे हैं। कई जिलों में अभियंताओं और अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया गया, उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, जिन्हें कर्मचारी संगठन निजीकरण विरोध की सजा मानते हैं। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में अनियमित. ताओं, उपभोक्ता बिललग घोटालों और अभियंताओं की आईडी के दुरुपयोग जैसे मामलों की जांच की भी मांग की जा रही है। कर्मचारी संगठन का कहना है कि घाटे और वितरण हानि को बहाना बनाकर सरकार निजीकरण का रास्ता तलाश रही है, जबकि असल समस्या प्रबंधन की सुस्ती और वसूली में गिरावट की है। पिछले दस महीनों में यह संघर्ष कई चरणों से गुजरा है। शक्ति भवन से निकलने वाली विशाल रैलियों में हजारों कर्मचारी शामिल हुए, सांकेतिक हड़तालें हुईं और महापंचायतों में यह तय हुआ कि निजीकरण टेंडर जारी हुआ तो कार्य बहिष्कार, अनिश्चितकालीन हड़ताल और जेल भरो आंदोलन तक किया जाएगा। इसी क्रम में आज भी राजधानी के अलावा प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में प्रतीकात्मक धरने और प्रदर्शन हुए। शक्ति भवन पर प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों और पुलिस-प्रशासन के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन अंततः मामला शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। सरकार का कहना है कि प्रदेश की विद्युत वितरण प्रणाली घाटे में है और निजी कंपनियों के निवेश से सुधार की संभावना है। लेकिन कर्मचारी संगठन इसे पूरी तरह खारिज कर रहे हैं।

# किसान पथ पर ट्रक-पिकअप में भीषण टक्कर, चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** किसान पथ पर मंगलवार दोपहर करीब ग्यारह बजे ट्रक और पिकअप के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह दब गया और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। जोरदार टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी और मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार पिकअप हरदोई की ओर जा रही थी और उसमें सामान लदा हुआ था। टक्कर लगने के बाद चालक को निकालने के लिए क्रेन की मदद से पिकअप को अलग किया गया। इसके बाद गैस कटर से केबिन को काटकर चालक का शव बाहर निकाला जा सका। उसे आनन-फानन ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हरदोई जनपद के बिलग्राम निवासी रमेश चंद्र राठौर उम्र लगभग छप्पन से सत्तावन वर्ष के रूप में हुई है।

# स्वामी प्रसाद ने बनाया 'लोक मोर्चा', 2027 में सरकार बनाने का किया दावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को राजधानी लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में 'लोक मोर्चा' नाम से तीसरे मोर्चे के गठन की घोषणा की।

उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में लोक मोर्चा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा। मौर्य ने बताया कि अभी दस छोटी पाल्टयां इस मोर्चे में शामिल हैं और निकट भविष्य में इसका और विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि लोक मोर्चा में उनकी अपनी जनता पार्टी के साथ राष्ट्रीय समानता दल, सम्यक पार्टी, जनस. ेवा दल, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी, सर्वलोकहित समाज पार्टी, स्वतंत्र जनता राज पार्टी, सबका दल यू, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी आदि दल शामिल हैं। मौर्य का कहना है कि यह गठबंधन सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति का नया अध्याय खोलेगा। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जीएसटी उत्सव मना रही है जबकि हालात वैसा ही हैं जैसे कोई घर खुद ही आग लगा ले और फिर दो बाल्टी पानी डालकर कहे कि हमने घर बचा लिया। मौर्य ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जनता महंगाई की मार झेल रही है, रोजगार के अवसर समाप्त हो चुके हैं, इंजीनियरों और चिकित्सकों जैसी तकनीकी विशेषज्ञताओं के अवसर घटते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं और विकास के नाम पर केवल खोखले दावे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां सिर्फ ऊपरी वर्ग और व्यापारी वर्ग तक सीमित हैं, आम आदमी की हालत बद से बदतर हो चुकी है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी मौर्य ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों और जमीन अधिग्रहण में बड़े पैमाने पर घोटाले किए जा रहे हैं। चाहे राम मंदिर निर्माण हो या अन्य परियोजनाएं, हर जगह घोटालों का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार जीडीपी और विकास के झूठे आंकड़े पेश कर जनता को गुम. राह कर रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने जातिगत भेदभाव और दलित उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा दिया जा रहा।

# सीएम से बुंदेलखण्ड के ऐतिहासिक किलों को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का किया अनुरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित तालबेहट किला (ललितपुर), काललजर किला (बांदा), मडफा (चित्रकूट) और बरूआ सागर झांसी की सीढ़ियों को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन किलों एवं स्मारकों के उन्नयन और विकास से बुंदेलखण्ड पर्यटन की दृष्टि से विश्व पटल पर स्थापित किया जा सकेगा।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने सोलह सितम्बर को प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में बुंदेलखण्ड की भौगोलिक और सांस्क्रतिक महत्ता का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि यह भूभाग शौर्य और पराक्रम की गाथाओं से परिपूर्ण है।

# उप्र में महिलाओं के सशक्तिकरण की नई दिशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को नई गति देने के लिए मिशन शक्ति का पांचवां चरण 22 सितंबर से शुरू हो गया है। यह अभियान 21 अक्टूबर तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करना है।

इस चरण में सरकार ने महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। महिला हेल्पलाइन नंबर, महिला थाने और महिला पुलिसकल्मयों की संख्या बढ़ाने के साथ ही लपक बूथ और पेट्रोललग स्क्वॉड को और अधिक सशक्त किया जा रहा है, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। नोडल अधिकारी पद्मजा चौहान के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति योजनाओं और डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों को विस्तृत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का मानना है कि शिक्षा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर और समान अवसर प्रदान कर सकती है। स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी मिशन शक्ति ने ठोस कदम उठाए हैं। स्वच्छता, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर वर्कशॉप और हेल्थ कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में। साथ ही, महिला उद्यमिता और स्वरोजगार योजनाओं को गति दी जा रही है। छोटे उद्योग, स्टार्टअप और स्वरोजगार के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता दी जा रही है, जिससे महिलाएं आलथक रूप से सशक्त बन सकें। आत्मरक्षा और जीवन कौशल प्रशिक्षण भी इस चरण का अहम हिस्सा हैं।

स्कूलों, कॉलेजों और साम. ुदायिक केंद्रों पर आयोजित इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण उन्हें खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने में सक्षम बनाता है, जबकि जीवन कौशल कार्यक्रम वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य और सामाजिक दायित्वों में सक्रियता लाता है। कानूनी सुरक्षा को भी मिशन शक्ति में प्राथमिकता दी गई है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त कार्रवाई के लिए हर जिले में विशेष निगरानी और फास्ट-ट्रैक कोर्ट सक्रिय किए गए हैं। पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि महिला मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सरकार स्पष्ट संदेश दे रही है कि महिलाओं की गरिमा और अधिकारों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभर रहा है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के चार स्तंभों पर आधारित यह पहल उत्तर प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समाज में सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम साबित हो रही है।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** विकास खण्ड गोदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ के सैकड़ों ग्रामीणों ने बीएलओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाअधिकारी मिश्रिख को ज्ञापन दिया । ग्रामीणों ने बीएलओ पर आरोप लगाए हुए बताया कि ग्राम पंचायत रामगढ़ में वोटरलिस्ट में फर्जी नाम बढ़ाए जा रहे है। साथ विवाहित लड़कियों के नाम शादी हो जाने के बाद भी नहीं काटे जा रहे है व मृत व्यक्तिओ के नाम भी वोटरलिस्ट से नहीं हटाए जा रहे है। वहीं कुछ व्यक्तियों के नाम दो दो बार वोटरलिस्ट में अंकित है, उन्हें भी लिस्ट में सही नहीं किया जा रहा है।

# जन जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर प्रांगण से 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जागरूकता रैली निकाली गई।

विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 विद्याालथयों सहित जनपद सीतापुर के समस्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस रैली में हिस्सा लिया।

आयुर्वेद जनजागरुकता रैली का शुभारम्भ जिला विकास अधिकारी संतोष गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 अमित गुप्ता के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर किया गया। चन्द्रशेखर मधुसूदन दीक्षित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नगर सीतापुर में 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में हएक पेड़ माँ के नामह



थीम के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विषयक संगोष्ठी एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित व्याख्यान दिये गए, जिसमें जिला नीमा सचिव डा यूसी दीक्षित एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा गीता के साथ-साथ नगर के निजी चिकित्सक भी उपस्थिति रहे। चिकित्सा शिविर में कुल 274 रोगियों का परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया।

# मुठभेड़ में शातिर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मुख्य वीर की सूचना पर कनवा खेड़ा अंडरपास के निकट नाकेबंदी की। यहां पर पुलिस की बाइक सवार एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बाइक सवार बदमाश को पकड़ लिया। घटना के संबंध में एसपी आलोक सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपों की पहचान मुरादाबाद जनपद के मझोला थाना क्षेत्र के खुशहालपुर ब्रेड फैक्ट्री के पीछे निवासी सुनील भातू पुत्र कल्लू भातू के रूप में हुई है। ए एसपी ने बताया कि आरोपी 25 हजार रुपये का इनामिया बदमाश है।

उसका हाल पता मुरादाबाद का भातू कॉलोनी सिविल लाइन है। पुलिस ने उसके पास से तीन अदद अलग अलग पिघली हुई पीली धातू के टुकड़े व एक अदद पीली धातु की चेन व 2,050/- रुपये नकद तथा एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। वहीं एक मोटर साइकिल भी बरामद हुई है। एएसपी ने बताया कि बरामद 2,050/- रुपये उसने अपने एक साथी शमशेर भातू पुत्र लक्खा उर्फ कस्सू नि0 इस्लाम नगर थाना गोला जनपद लखीमपुर खीरी के साथ मिल कर मुनेश्वर विहार कालोनी बाराबंकी से 21 जुलाई की सुबह एक महिला के गले से झपटी गई चेन से संबंधित रुपये हैं। बरामद चेन उसने लखनऊ में भाजपा कार्यालय के पास गुडम्बा थाना क्षेत्र में इसी महीने दिनांक 9.9.25 को बाइक पर पीछे बैठी महिला के गले से झपटी थी। इसके अतिरिक्त अभियुक्त ने सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ सेक्टर 7 से दोपहर में एक महिला के गले से चैन झपटी थी, 8 तारीख को विरामखंड गोमती नगर लखनऊ में सुबह पैदल जा रही महिला के गले से चेन झपटी थी, सीतापुर में कप्तान आवास के पीछे से इसी महीने 1 तारीख को पैदल जा रही एक महिला के गले से शाम के समय चैन झपटी थी, इन तीनो घटनाओं में झपटी गई तीनों चेन को अभियुक्त ने गलवा कर गोलीनुमा टुकड़े बना लिये थे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपों पर अयोध्या, लखनऊ, सहारनपुर, हरदोई, बाराबंकी, शाहजहांपुर समेत अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में करीब 41 अपरा. धिक मामले दर्ज हैं।

## स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर में एक मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंडल के सात जिलों के ऐथलीटिक्स के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान श्री पीतांबरा शिक्षा समिति ग्राम पारासराय लहरपुर के द्वारा स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक निशुल्क स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग करने वाले अभ्याल्थयों तथा विद्यालय के135 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां और निशुल्क जांच प्रदान की गई।

# मदद के नाम पर ठगी : भावनाओं का बाजार और यूपी एटीएस की सटीक कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** युद्ध की तस्वीरें, बच्चों की मासूम आंखों में भय, माताओं की मजबूरी ये दृश्य इंसा. नियत को हिलाकर रख देते हैं।

ऐसे समय में जब संवेदनशील नागरिक अपनी कमाई से मदद का हाथ बढ़ाते हैं, वहीं कुछ ठग इसी करुणा को हथियार बना लेते हैं। भावनाओं की आड़ में चल रही यह ठगी न केवल पैसे की चोरी थी, बल्कि मानवता पर सीधे प्रहार का उदाहरण थी। उत्तर प्रदेश एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस को सूचना मिली कि कुछ लोग गाजा युद्ध प्रभावित बच्चों और महिलाओं की मदद के नाम पर सोशल मीडिया पर क्राउड-फंलडग अभियान चला रहे थे। भावनाओं को जकड़ने वाले वीडियो, तस्वीरें और संदेश लोगों को गुमराह कर रहे थे। जनता का दान सीधे युद्ध पीड़ितों तक नहीं पहुंचा, बल्कि आरोपियों ने इसे अपने यूपीआई अकाउंट के जरिए हड़प लिया। जांच के बाद एटीएस ने लखनऊ के एटीएस थाने में तीन आरोपियों मोहम्मद अयान, ज़ैद नोटियार और अबू सूफियान ख़ के खिलाफ मामला दर्ज किया। तीनों को महाराष्ट्र के भिवंडी से गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड के बाद लखनऊ लाया जाएगा। यह घटना सिर्फ आलथक अपराध नहीं थी। यह करुणा की भावना को बेचने और जनता के विश्वास को ठेस पहुँचाने का मामला था। लोग सोचते थे कि उनका छोटा सा योगदान किसी बच्चे की आंसू पोंछ देगा, किसी मां को सहारा देगा, लेकिन वह मदद ठगों की जेब में चली गई। उत्तर प्रदेश एटीएस की सतर्कता ने न केवल अपराधियों को बेनकाब किया, बल्कि समाज के भरोसे और करुणा की प्रतिष्ठा को बचाया। यह याद दिलाती है कि संवेदनशीलता जितनी पवित्र है, उसका दुरुपयोग उतना ही घातक। प्रशासन और नागरिकों की सतर्कता ही ऐसी ठगी की परंपरा को रोक सकती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चिकित्सा के क्षेत्र में चमत्कार है आयुर्वेदः डीएम

## आयुर्वेद दिवस पर पालिका में शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि प्राचीन काल से ही आयुर्वेद विज्ञान चिकित्सक के क्षेत्र में काफी उपयोगी रहा है। इससे बड़ी से बड़ी बीमारियों को आसानी से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से घरों व आस-पास बेहतर सफाई की मांग की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 10वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर नगर पालिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि आज हर क्षेत्र में आयुर्वेद का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में आयुर्वेद के माध्यम से बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। डीएम ने लोगों से अपील करते कहा कि वह सड़कों पर कूड़ा न डाले। खुद तो सफाई का ध्यान रखे ही बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि आज आयर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिये की वह नगर को साफ रखे तथा दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है कि जिस काम की जिम्मेदारी हमें दी जाये उसे ईमानदारी से पूरा करें।

# बस चालक के साथ युवकों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित एक होटल पर रूकी हल्द्वानी डिपो की बस के चालक के साथ स्कार्पियो सवार पांच युवकों ने मारपीट की। होटल स्टॉफ ने चालक को आरोपियों के चंगुल से बचाया। आरोपी चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। होटल स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक विपिन चौधरी निवासी अतरपुरा का हाइवे पर मुरादाबाद दिशा की ओर एक तड़का ढ़ाबा है। 22 सितम्बर की रात करीब एक बजे यहां

**होटल स्वामी की तहरीर पर पांच युवकों पर मुकदमा दर्ज**

पर हल्द्वानी डिपो की बस रूकी। बस चालक गुरूसेवक पुत्र गुरनाम सिंह निवासी सुभाषनगर थाना बिलासपुर जनपद रामपुर जैसे ही बस से उतरे, त्यों ही पीछे से आई एक स्कार्पियो कार से पांच युवक उतरे और उन्होंने चालक के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना से अफरातफरी की स्थिति बन गई। शोर शराबा सुनकर होटल के स्टॉफ ने चालक गुरूसेवक को आरो. पियों के चंगुल से बचाया। जिसके बाद आरोपी चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की तहरीर होटल स्वामी विपिन चौधरी ने पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चेतन यादव उर्फ चिंटू, रोहित यादव, अनुज यादव निवासी गण ग्राम रहदरा थाना गजरौला समेत दो अज्ञात युवकों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जीएसटी में छूट से मिलेगा सभी को लाभः तंवर

## सांसद ने व्यापारियों से किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर ने केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में छूट किए जाने के बाद व्यापारियों से संवाद किया। सांसद ने केन्द्र सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि, जीएसटी घटाने से का यह दूरदर्शी कदम जीडीपी में बढ़ोतरी करेगा, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देगा, उपभोक्ता बढ़ेंगे और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

जीएसटी बचत उत्सव के अवसर पर सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 28 प्रतिशत वाले स्लैब को घटाकर 18 कर दिया। 18 प्रतिशत वाले कई उत्पादों से जीएसटी घटाकर 05 प्रतिशत कर दिया गया। बीमा समेत रोजमर्रा की अनेकों वस्तुओं को जीएसटी फ्री कर दिया गया है। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा तो अलग अलग प्रदेश में 70 से 80 प्रतिशत कर लगता था, लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार ने जीएसटी लागू किया। अब जीएसटी: 2 के अर्न्तगत जीएसटी के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करते हुए केवल 05 और 18 प्रतिशत के स्लैब को रखा गया है। जबकि अनेकों रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे खाना, दवाईयां, साबुन, टूथपेस्ट और अन्य कई सामान पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दिया गया है। जीएसटी बचत उत्सव से किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग आदि सभी को लाभ मिलेगा। इस नए जीएसटी बदलाव के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने व्यापारियों से मिलकर जीएसटी : 2 के लिये बधाई दी और कहा कि जीएसटी छूट का लाभ सभी ग्राहकों और आम जनता तक पहुंचे। इसी के साथ ही सांसद ने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, ताकि हमारा देश और भी आत्मनिर्भर बने। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर मेड इन इण्डिया उत्पादों की बिक्री ज्यादा से ज्यादा करें, ताकि हमारा भारत और भी मजबूत हो सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह, युद्धवीर सिंह, महेन्द्र सिंह प्रजा. पति, महेश प्रधान, डॉ.राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, उत्तम सिंह प्रजापति, शशि चौहान, तेजपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, सतेन्द्र उर्फ सोनू भड़ाना, विजय पंवार, आयुष चौधरी,मनमो. हन सिंह सेन, अंकुश पाल आदि मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी, सशक्ति परिवार के तहत लगा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना था। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्यपाल सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ ध्रुवेंद्र सिंह और अन्य प्रमुख व्यक्ति जैसे मनोज कुमार जोशी, शोभित शर्मा और पाठक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह, मनोज कुमार जोशी, शोभित शर्मा, डॉ अब्दुल कादिर, पवन राज जाटव, मंडल अध्यक्ष राजू राणा मौजूद रहे।

# रामचरित्र मानस की चौपाइयों का करें आत्मसातः दीक्षित

## बस्ती में रामलीला का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्री रामलीला प्रबंध समिति बस्ती के तत्वावधान में 98 वें श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कमेटी के पदाधिकारियों के संग फीता काटकर किया। उन्होंने रामचरित्र मानस की चौपाइयों को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सोमवार की रात नगर में स्वर्गीय रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में श्री रामलीला प्रबंध समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में वृंदावन से आए श्री आदर्श गोविंद बिहारी रामलीला/रासलीला संस्थान के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन आरंभ किया। इससे पूर्व पंडित सुखदेव शर्मा शास्त्री ने गणेश पूजन कराया। प्रथम दिन नारद मोह का मंचन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने कहा कि रामायण हमारे ही जीवन का सार है। इसके सारे पात्र हमारे इर्दगिर्द घूमते हैं। रामायण हमें रिश्तों की डोर की मजबूती का आभास कराती है। घविश्वास और भक्ति को जागृत करती है। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि के साथ ही आमंत्रित अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर जुबिलेंट से आए सुनील कुमार सिंह, रबिंद्र झा, विशाल गौरव, अशोक राय, फाल्गुनि शरण, देश दीपक मिश्रा के साथ ही कमेटी के अध्यक्ष रामप्रक. ाश गर्ग, प्रबंधक डा. आशुतोष भूषण शर्मा, महामंत्री विपिन कौशिक, शैलेश गर्ग, डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल , सुबोध सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल,पंकज कौशिक, जिताम्बर यादव, सचिन यादव, यश अग्रवाल, राहुल गोयल, कनिष्क भूषण शर्मा, ग्रीश विश्वकर्मा, शिवांक सिंघल आदि भी उपस्थित रहे।

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें

## सीडीओ ने किया रामलीला का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वधान में इकोदा रोड पर रामलीला ग्राउंड में मुकुट पूजा-नारद मोह के साथ रामलीला का मंचन किया गया मंचन से पहले रामलीला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काट कर किया गया। कस्बे में इकोदा रोड पर श्री धार्मिक रामलीला का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा रामलीला हमारी सास्कृतिक धरोहर है इससे हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का ज्ञान मिलता है यह हमे सिखाती है कि परिवार को कैसे प्रेम में रहना चाहिए इसके बाद नारद मोह से रामलीला का मंचन शुरू हुआ मंचन में दिखाया कि नारद की तपस्या भंग करने के लिए इन्द्रदेव कामदेव संग अप्सराओं को भेजते है इसमें कामदेव की तमाम कोशिशों के बाबजूद उनकी तपस्या भंग करने में असफल हो जाते है दर्शकों ने इस मंचन पर खूब तालियां बजाई इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू विपिन गुप्ता ब्रजपाल सिंह सरल चौधरी राजू चौधरी जीत सिंह चन्द्रभान तोमर सुभाष गुप्ता विजय तिवारी राजेन्द्र सिंह सुभम चौधरी गुड्डू गुप्ता राजू टांक बबलू गुप्ता राहुल गुप्ता सुशील गुप्ता राजीव तोमर खेमचंद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## युवक से 75 हजार रूपये ठगे

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर में किसान बाबू का परिवार रहता है। उनके बेटे हफीजुर्रहमान के मोबाइल नंबर पर बीते दिनो कई अंजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। फोन करने वाले लोगों ने बाजार के मुकाबले कम पैसों में यूएस डॉलर दिलाने का झांसा लालच दिया। इस दौरान हफीजुर्रहमान उनकी चाल को भांप नहीं सके और झांसे में आकर यूपीआई के माध्यम से 75 हजार रुपये साइबर अपराधियों द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। धनराशि अलग-अलग तारीख में ट्रांसफर की गई। 29 अगस्त को हफीजुर्रहमान को जब खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो जानकार होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत डिडौली कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी।

# जीएसटी में छूट के बाद निकाली जागरूकता रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में दी गई छूट के बाद नगर में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली रहरा अड्डा महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार तक गई। जहाँ व्यापारियों को जीएसटी की घटी हुई दरों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान, विधायक और व्यापारियों ने मोदी सरकार के इस कदम के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई महत्वपूर्ण नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जिनमें जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, और भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल शामिल थे। उझारी मंडल अध्यक्ष कल्याण सैनी, हसनपुर चीनी मिल के निदेशक देवकीनंदन पाल, और प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल प्रधान भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह जागरूकता रैली, जिसमें मंडल उपाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष भोजराम, और मंडल महामंत्री हिमांशु त्यागी जैसे कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे। मोदी सरकार की नीतियों को जनता तक पहुँचाने का एक प्रयास था। इस दौरान सभी ने एक सुर में सरकार के इस फैसले की सराहना की और इसे व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत बताया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर माफी निवासी मोहम्मद रफी पुत्र नजाकत हुसैन बाइक पर सवार होकर अपने घर से अमरोहा के लिए जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार कस्बा जोया के जोया अमरोहा मार्ग पर पहुंचा तो एचडीएफसी बैंक के सामने पीछे से अज्ञात कार ने टक्कर मार दी ।जिससे मोहम्मद रफी गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने जोया सी एच सी में भर्ती कराया। गंभीर हालात को देखते हुए डॉक्टर ने मोहम्मद रफी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर घायल के भाई रियाज अहमद ने कोतवाली डिडौली पुलिस को दे दी है।

## एक दिन की प्राचार्या बनी छात्रा मधु



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मंगलवार को शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत मधु को एक दिन के लिए कॉलेज की प्राचार्या चुना गया। प्रबंधक अशोक सैनी और नियमित प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने पुष्पगुच्छ देकर एक दिन की प्राचार्या का स्वागत किया। मधु ने जिम्मेदारी संभालते ही प्राचार्य कक्ष से निकलकर विभिन्न विभागों, कार्यालय और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रबंधक अशोक सैनी, डॉ. अशोक कटारिया सहित मुशर्रफ खान, निसार अहमद, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, महेश सैनी, अवनीश, योगेश त्यागी, आँचल अग्रवाल, अक्षि सैनी, अर्शी परवीन व बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं

# फलक के नजारों, जमीं के बहारों.... सब ईद मनाओ

## माहे रबीउल अव्वल पर महफिल मिलाद का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। माहे रबीउल अव्वल के समापन पर सोमवार रात मुहल्ला गुजरी स्थित सलीम अमरो. हवी के आवास पर पैगाम-ए- अमन कमेटी अमरो. हा के तत्ववाधान में महफिले मीलाद सल्ल. का आयोजन हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी की सदारत में किया गया। जिसका आगाज तिलावते कुरआन से हुआ। महफिल को संबोधित करते हुए इमाम मस्जिद तहसील ने फरमाया कि महफिल-ए-मिलाद का मकसद सिर्फ जश्न मनाना नहीं है, बल्कि पैगंबरे इस्लाम की तालीम, इंसाफ, मोहब्बत और इंसानियत को आम करना और उस पर अमल करना है। महफिल ए मीलाद में शहर के प्रमुख धार्मिक शख्सियतों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत की और नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बारगाह में दुरूद और सलाम पेश किया। इस अवसर पर नात खुवाहान ने... फलक के नजारो जमीं की बहारो ! सब ईदें मनाओ, हुजूर आ गए हैं उठो गम के मारो ! चलो बे-सहारो ! खबर ये सुनाओ, हुजूर आ गए हैं। अनोखा निराला वो जीशान आया वो सारे रसूलों का सुल्तान आया अरे कज-कुलाहो ! अरे बादशाहों ! निगाहें झुकाओं, हुजूर आ गए हैं। आदि सुनाकर श्रोताओं की खूब वाह-वाही हालिस की। इस मौके पर कमेटी चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, कमेटी अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, हाजी मुजफ्फर अली अंसारी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, फैज आलम राईनी, सैयद इकराम हुसैन जैदी, सैयद फरजंद अली नकवी, जफर शाह खान, सैयद नजम, सैयद नजमुद्दीन काजमी, सैयद इमरान नकवी, हाजी सैयद वारिस अली, गुलरेज खान, सैयद फराज मोइन, हैदर अली आदि मौजूद रहे। आखिर में शहबाज कलीम निजामी व शाहकार निजामी ने सभी का शुक्रिया अदा किया

# किसानों ने किया स्टेट हाइवे जाम

## पंचायत में अधिकारियों के न पहुंचने पर भड़के किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत उस समय उग्र हो गई जब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद कोई भी अधिकारी किसानों की समस्याएं सुनने नहीं पहुँचा। इससे आक्रोशित किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय के सामने स्टेट हाईवे जाम कर दिया। देखते ही देखते ट्रकों और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं तो पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया भारी पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुँचीं और किसानों से बातचीत की। अधिकारियों ने समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

पंचायत में किसानों ने छह सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं के लिए बाढ़ खंड अधिकारी की मौजूदगी, चुचौला खुर्द और शहजादपुर पंचायत में वोटों की गड़बड़ी दूर कराने, वेब शुगर मिल यूनिट हेड और जिला गन्ना अधिकारी से गन्ना किसानों की समस्याएं सुनने, राष्ट्रीयकृत बैंकों के आरएम और कोऑपरेटिव बैंक के एआर को किसानों की शिकायतें सुनने के लिए बुलाने तथा धान खरीद केंद्रों के अधिकारियों को पंचायत में उपस्थित कराने की मांग प्रमुख रही। उधर चुचौला खुर्द और शहजादपुर पंचायत के ग्रामीणों ने वोटर लिस्ट की गड़बड़ी को लेकर ब्लॉक परिसर में अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उनके वोट गलत ग्राम पंचायत में दर्ज कर दिए गए हैं और यदि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस तरह एक तरफ हाईवे जाम और दूसरी तरफ ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देकर किसानों ने प्रशासन को साफ संदेश दे दिया कि अब केवल आश्वासन से नहीं बल्कि ठोस समाधान से ही वे संतुष्ट होंगे

# नैमिष नगर योजना के लिए तीन किसानों को मिले 2.3 करोड़ के चेक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ शहर के उत्तरी हिस्से के विकास के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नैमिष नगर योजना को लेकर नवरात्र के पहले दिन सोमवार से भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू हो गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस मौके पर तीन किसानों को कार्यालय में आमंत्रित करके उन्हें मुआवजे के रूप में दो कराड़ 30 लाख रुपये के चेक सौंपे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नैमिष नगर योजना के लिए बीकेटी तहसील के 18 गांवों की लगभग 1500 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है।

इसमें ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोघ्री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। योजना के लिए जमीन जुटाने में लगभग 4,785 करोड़ रूपये का व्यय अनुमानित है, जिसके लिए प्राधिकरण बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नैमिष नगर में बड़ी संख्या में लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। यह योजना न सिर्फ आवासीय जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि एक पूर्ण विकसित उपनगर के रूप में सामने आएगी। इसमें चौड़ी सड़कें, ग्रीन बेल्ट, पार्क, स्कूल, अस्पताल, कम्यूनिटी सेंटर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, व्यावसायिक केन्द्र जैसी तमाम सुविधाएं होंगी, जो लखनऊ के उत्तरी हिस्से को नयी पहचान देने वाले विकास का मॉडल बनेंगी। इसके अंतर्गत शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास होगा। इससे राजधानी में काफी निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि एलडीए की टीम स्थल पर लगातार कैम्प कर रही है। किसानों द्वारा सहमति पत्र देने पर प्रतिकर की धनराशि तत्काल देने की व्यवस्था बनायी गई है। यह पूरी प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूर्ण करायी जा रही है। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि नैमिष नगर योजना के लिए किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है। जिसके लिए प्राधिकरण बोर्ड द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम-पलहरी के भू-स्वामी आदर्श यादव, अम्बर और विद्यावती ने लगभग 3 बीघा जमीन योजना के लिए दी है। तीनों भू-स्वामियों को एलडीए ऑफिस में बुलाया गया, जहां उपाध्यक्ष द्वारा उन्हें प्रतिकर के लगभग 2 करोड़ 30 लाख रूपये चेक के माध्यम से वितरित किए गए। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि बीकेटी तहसील के पुरवा गांव में योजना का पहला साइट ऑफिस बनाया गया है। एलडीए की टीम लगातार किसानों के बीच जाकर उनसे संपर्क स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि पलहरी गांव के अलावा ग्राम-बौरूमऊ, सैदापुर, पूरब गांव और सैरपुर के भू-स्वामी भी जमीन देने में रूचि दिखा रहे हैं और अभी तक लगभग 200 बीघा जमीन के सहमति प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

## किसान विरोधी है केंद्र सरकार: राकेश टिकैत

**फिरोजाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि किसान विरोधी केंद्र सरकार हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन फिर भी देश में धर्मांतरण का खेल जारी है। भाकियू टिकैत के प्रवक्ता राकेश टिकैत जिले के गांव ढोलपुरा मे आईटीबीपी के शहीद जवान राम नरेश यादव के परिजनों के बीच संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने शहीद रामनरेश यादव क संवेदना व्यक्त करते हुए गांव वालों से कहा कि शहीद की स्मृति में गांव में एक लाइब्रेरी का निर्माण होना चाहिए। इससे आगे आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान को याद रख सके। मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। फसल बर्बाद हो रही है,किसानों को उनकी फसल का मूल्य नहीं मिलने से किसान कर्जदार हो रहा है और आत्महत्या करने को मजबूर है। आंदोलन और प्रदर्शन के दौरान राष्ट्र विरोधी नारे लगाए जाने पर इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार को कड़े कानून के तहत कार्रवाई करनी चाहिए।

# ओमप्रकाश राजभर की सेहत में सुधार, देखने अस्पताल पहुंचे कई मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के मेदांता अस्पताल में माइनर स्ट्रोक की शिकायत पर भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर अस्पताल में सरकार के कई मंत्रियों ने पहुंच कर उनके इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर राजभर के शुभचिंतकों को पोस्ट करते हुए उनके बेटे व पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने लिखा कि मंत्री का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डा. राकेश मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है। सुखद समाचार है कि उनके स्वास्थ्य में बहुत ही तेजी से सुधार हो रहा है। अरविंद राजभर ने सभी देशवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे माननीय के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करें। वहीं राजभर को देखने बीते सोमवार की देर शाम को मेदांता अस्पताल पहुंचे प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा ने उनका हाल-चाल लिया। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की तथा शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। दिनेश शर्मा के बाद राजभर को देखने मेदांता पहुंचे जेल मंत्री दारा सिंह चौहान और मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने ओमप्रकाश राजभर से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की।

# जीएसटी स्लैब में किए गए बदलाव से होगा पूरे देश को लाभ: गिरीश चंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उप्र के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से जीएसटी स्लैब में किए गए बदलाव से समाज के हर वर्ग के लोगों को फायदा होगा, इसके साथ ही इसका लाभ पूरे देश के लोगों को होगा।



केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी स्लैब में किए गए सुधार पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक सिद्धार्थ उपवन मे आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री यादव ने कहा ष्मैं इस जीएसटी स्लैब में किए गए बदलाव का मैं स्वागत करता हू। केंद्र सरकार के इस कदम से न केवल व्यापारियों और उपभोक्ताओं, बल्कि पूरे देश के लोगों को लाभ मिलेगा, जिसकी चौतरफा प्रशंसा का जी रही है। उन्होंने के कहा कि 22 सितम्बर से अब केवल दो स्लैब में पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने नवरात्रि, दिवाली और छठ पूजा से पहले देश को एक बड़ा दशहरा, दिवाली उपहार दिया है हम इसे बचत उत्सव के रूप में मना रहे हैं। जीएसटी 2-0 अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से रोटी-कपड़ा-मकान की कीमतें कम होंगी। मंत्री ने कहा कि ये सुधार किसानों, युवाओं, महिलाओं और हर वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद हैं, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सामान से लेकर स्वास्थ्य उत्पादों, शिक्षा से संबंधित सामानों और वाहनों तक सब कुछ सस्ता हो जाएगा यह न केवल कर दरों को कम करेगा, बल्कि सरलीकरण भी लाएगा, क्योंकि अब केवल दो स्लैब होंगे। कुल मिलाकर, यह एक 'गुड एंड सिंपल टैक्स' है, जो 'ग्रेट सेविंग्स और टैक्स कम' का फॉर्मूला है। इन सुधारों को 'बचत उत्सव' बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे सामानों की कीमतें 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी। एक आम महिला के घर का बजट 15-20 प्रतिशत तक सस्ता हो जाएगा। इससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वदेशी क्रांति' के आह्वान और 'आत्मनिर्भरता' की उनकी राष्ट्रीय दृष्टि ने जीएसटी को एक नया आयाम दिया है।

जब भारत के भविष्य और हमारे लोगों के कल्याण की बात आती है, तो प्रधानमंत्री मोदी कम से कम 50 साल आगे सोचते हैं ये सुधार हर वर्ग के लोगों को सशक्त बनाएंगे। दैनिक आवश्यक वस्तुएं, खाद्य पदार्थ, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा और एमएसएमई व्यापारी, जो युवाओं को रोजगार देते हैं, इन सभी को इन सुधारों से सकारात्मक रूप से प्रभावित किया गया है। हमने यह फैसला किया है कि हम व्यापारियों के बीच में जीएसटी सम्मेलन करेंगे और उन्हें कर सुधारों के बारे में जानकारी मुहैया कराएंगे। हम उन्हें बताएंगे कि कैसे केंद्र सरकार की तरफ से लिया गया यह कर सुधार का फैसला उनकी व्यापारिक स्थिति को मजबूत कर सकता है। इस मौके पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी जिलाध्यक्ष पिछघ मोर्चा अनिल गुप्ता एव जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह विधानसभा संयोजक प्रबुद्ध दुबे आदि उपस्थित रहे।

## अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार का आरोपी दरोगा निलंबित

**प्रतापगढ़।** उप्र में प्रताप गढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अनुशासनहीनता और संभावित भ्रष्टाचार के आरोपों में सख्त कार्रवाई करते हुए थाना कोहंडौर में तैनात दरोगा सुजीत कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। प्रारंभिक जांच में दरोगा सुजीत कुमार यादव को दोषी पाए गए है। आईपीएस प्रशांत राज क्षेत्राधिकारी नगर से मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हुई है। एसपी दीपक भूकर ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि विभाग में अनुशासनहीनता, लापरवाही या भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर पूर्व सैनिक को 32 साल बाद मिली विकलांगता पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बीमारी और भुखमरी से जूझ रहे 72 वर्षीय सैनिक को सेना से निकाले जाने के 32 वर्ष बाद सशत्र-बल अधिकरण लखनऊ ने विकलांगता पेंशन दिए जाने का आदेश दिया है।

अधिकरण की तरफ से यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार (सदस्य न्यायिक) एवं वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन (सदस्य प्रशासनिक) ने दिया है। प्रयागराज जिले के ग्राम हेतापट्टी निवासी कुमाऊं रेजीमेंट के पूर्व नायक बलराम सिंह वर्ष 1981 में टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती हुए थे। वर्ष 1993 में बारह साल की सैन्य सेवा के बाद उनकी बायीं आंख में ईल्स रोग के कारण मेडिकल आधार पर उन्हें बिना किसी पेंशन के सेवा मुक्त कर दिया गया, जबकि मेडिकल बोर्ड ने बीस प्रतिशत विकलांगता बताई थी और सेना सेवा से जुड़ा माना था। वहीं सन 1994 में पीसीडीए (पेंशन) प्रयागराज ने पूर्व सैनिक की पेंशन अस्वीकार कर दी।

इसके बाद 2001 में भी उनकी अर्जी खारिज कर दी गई। जिसके बाद पूर्व सैनिक ने वर्ष 2024 में अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय के माध्यम से न्यायाधिकरण में याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय कुमार पांडे ने दलील दी कि मेडिकल बोर्ड की राय को बिना किसी उच्चतर मेडिकल बोर्ड की राय के बगैर लेखा विभाग ने नकार दिया, जो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय एक्स सैपर मोहिन्दर सिंह बनाम भारत सरकार (1993) के विपरीत है। उन्होंने कहा कि भर्ती के समय बलराम सिंह पूरी तरह स्वस्थ थे, बीमारी सेवा के दौरान हुई और इसे मेडिकल बोर्ड ने स्वीकार किया है। साथ ही, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के राम अवतार बनाम भारत सरकार (2014) और कमांडर राकेश पाण्डेय बनाम भारत सरकार (2019) के फैसलों का हवाला देते हुए स्थायी विकलांगता और राउंडिंग ऑफ का अधिकार बताया।

## बिना अनुमति जुलूस निकालने पर 20 के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** वाराणसी के सिगरा थाना क्षेत्र के लल्लापुरा में बिना अनुमति के पोस्टर और डीजे के साथ जुलूस निकाल कर नारेबा. जी करने वाले एक समुदाय विशेष के लोगों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। सोमवार देर रात लल्लापुरा चौकी प्रभारी प्रशांत शिवहरे की तहरीर पर सिगरा थाने में 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 और 196 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों का प्रयोग पर्यावरण के लिए सुरक्षित: डीएम

## जिलाधिकारी ने आयुर्वेद दिवस पर अस्पताल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर देहात।** जिले के अकबरपुर स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय में मंगलवार को दशम् आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए रखा गया। डीएम कपिल सिंह ने दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




उन्होंने कहा कि आयुर्वेद रोगों के उपचार से कहीं बढ़कर है। यह संतु. लित और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने का विज्ञान है।

डीएम ने लोगों से आयुर्वेदिक आहार, योग और प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों का प्रयोग पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। डीएम ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचकर्म यूनिट, औषधि वितरण कक्ष और रोगी वार्ड का जायजा लिया। मरीजों से बातचीत में उन्होंने आयुर्वेदिक उपचार से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक औषधियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। डीएम ने आयुष सेवाओं को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया।

## वाराणसी में मोटर बोट संचालकों का विरोध प्रदर्शन

**वाराणसी।** उप्र के वाराणसी में मंगलवार को नाव और मोटर बोट संचालकों ने प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नाविकों का कहना है कि पिछले 70 से अधिक दिनों से नावों और बोट संचालन पर रोक लगी हुई है, जिसके कारण हजारों नाविकों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का कोई जनप्रतिनिधि अब तक उनसे मिलने नहीं आया।

# युवक की पीट पीटकर हत्या

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि भटेवरा गांव मेंकर्मा पहलू का पुरा निवासी दिवाकर सिंह की रात में पीट पीट कर हत्या कर दी गई।

आरोप है कि भटेरवा गांव निवासी धर्मेंद्र पटेल, नरेंद्र पटेल और वीरेंद्र पटेल ने दिवाकर को घर बुलाया गया जबकि उसे घर के अंदर बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई जिसके बाद उसे उन्हीं लोगों के द्वारा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले जाया गया जहां से उसे स्वरूप रानी अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद करछना पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। वारदात की जानकारी सुबह परिजनों को हुई तो करछना थाने पहुंचे जहां दिवाकर के पिता की तहरीर पर सभी को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। घटना के बारे में अपर पुलिस उपायुक्त, यमुना नगर विजय आनंद ने बताया कि घर में घुसे युवक को चोर समझ कर पीटा गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

# जीएसटी के नए स्लैब पर चर्चा, जीएसटी अधिकारियों की रही मौजूदगी, व्यापारियों की समस्याएं सुनीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

कानपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रुरा नगर में जीएसटी अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में जीएसटी के नए स्लैब और प्रभावी दरों पर विस्तृत चर्चा हुई। खंड-2 के ए.एल. सिंह ने व्यापारियों को नई दरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू ने सहायक आयुक्त श्याम प्रीत के समक्ष छोटे व्यापारियों की समस्याएं रखीं। उन्होंने नोटिस भेजने की प्रक्रिया में बदलाव का सुझाव दिया। उनका कहना था कि नोटिस ईमेल की बजाय डाक से भेजे जाएं। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि सभी छोटे व्यापारी ईमेल या स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करते।



सहायक आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जो व्यापारी जीएसटी रजिस्ट्रेशन का संचालन नहीं कर पा रहे हैं, वे विभाग में आकर अपना रजिस्ट्रेशन सरेंडर कर सकते हैं। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश शुक्ला, प्रांतीय सदस्य अविनाश ओमर और नगर महामंत्री कपिल मिश्रा ने भी व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं रखीं। बैठक में जीएसटी विभाग से सहायक आयुक्त श्याम प्रीत, आयुक्त ए.एल. सिंह और सीटीओ विवेक विश्नोई मौजूद रहे। व्यापार मंडल की ओर से जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अवधेश शुक्ला समेत कई प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कानपुर में भारतीय जनता पार्टी का बचत उत्सव अभियान

# जीएसटी सुधारों से व्यापारी-जनता उत्साहित, किराने से बीमा तक बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में केंद्र सरकार द्वारा लागू हुए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर उत्सव बचत अभियान मनाया गया। बीजेपी जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने जनकपुरी मैदान से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए अकबरपुर बाजार में व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में की गई कटौती पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने जगह-जगह भाजपा नेताओं का स्वागत किया और प्रधानमंत्री को "महाबचत" के लिए धन्यवाद दिया। जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने बताया कि अब किराने और दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर लगभग 13 प्रतिशत तक की बचत होगी। छोटी कार के खरीदारों को करीब 70 हजार रुपये की राहत मिलेगी, जबकि स्टेशनरी, कपड़े, जूते और दवाओं पर 7 से 12 प्रतिशत तक की बचत होगी। वहीं, स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर 18 प्रतिशत तक की बचत संभव है। उन्होंने कहा कि "22 सितम्बर 2025 का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।" राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने इसे नवरात्रि का विशेष उपहार बताते हुए कहा कि इससे जनता में आत्मविश्वास और स्वदेशी उत्पादों की खपत दोनों बढ़ेगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा, बृजेंद्र सिंह, सौरभ मिश्रा, मलखान सिंह चौहान, अमित राजपूत, श्यामू शुक्ला, शिव विलास मिश्रा, सत्यम चतुर्वेदी, झब्बू अग्रवाल, विकास मिश्रा और जिला मीडिया प्रभारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, जनपद-रामपुर।**
**उत्तराधिकार विविध वाद सं. -143/सन् 2025**

विक्रम कपूर उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तहसील सदर, जिला रामपुर।

.......**प्रार्थी / याची**
.........**याची**

**बनाम**

1. श्रीमती सुषमा कपूर पत्नी स्व. श्री सुन्दर लाल कपूर निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तह. सदर, जिला रामपुर।
2. श्रीमती मोनिका पुत्री स्व. श्री सुन्दर लाल कपूर पत्नी मुदित अरोरा निवासी गंगा बी-303 ओमेक्सो रिवाएरा रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर, (उत्तराखण्ड)
3. श्रीमती नीति कपूर पत्नी स्व. चाणक्य कपूर (मृतक पुत्र की पत्नी)
4. प्रगति कपूर पुत्री स्व. चाणक्य कपूर निवासीगण के ब्लाक किदवई नगर, कानपुर, उ.प्र. । (मृतक पुत्र की पुत्री)
5. अथर्व कंपूर पुत्र स्व. श्री राज. कुमार कपूर (मृतक पुत्र का पुत्र)
6. श्रीमती मिताली कपूर पत्नी स्व. श्री राजकुमार कपूर (मृतक पुत्र की तलाक-शुदा पत्नी) निवासी सेक्टर 14 फरीदाबाद, हरियाणा।
7. आम जनता .......**विपक्षीगण**

**प्रार्थना पत्र वास्ते प्रकाशन**

मैं कि विक्रम कपूर उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल निवासी कपूर बिल्डिंग, टैक्सी स्टैण्ड रोड सिविल लाईन, तहसील सदर, जिला रामपुर ने उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार वाद इस आशय से प्रस्तुत किया है कि स्व. सुन्दर लाल कपूर पुत्र हुकुम चन्द्र कपूर निवासी कपूर बिल्डिंग टैक्सी स्टैण्ड रोड, सिविल लाईन, जिला रामपुर जो कि प्रार्थी के पिता थे, जिनका दिनांक 15-12-2024 को देहान्त हो गया है तथा प्रार्थी अपने पिता स्व. सुन्दर लाल कपूर पुत्र हुकुम चन्द्र कपूर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा मुख्य शाखा रामपुर के बचत खाता संख्या-10986755274 में जमा धनराशि मुबलिग 8,98.463.73 (आठ लाख अठ्ष्ठानवे हजार चार सौ तिरेसठ रूपये तेहत्तर पैसे) मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाये।

अत: इश्तेहार निकाला जाता है कि उक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 16.10. 2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी तथा उचित आदेश पारित किया जायेगा। आज दिनांक 20/09/2025 न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) रामपुर।**

# फूल जैसी बेटी को जिन हाथों से पाला

■ उसी से किया अंतिम संस्कार, नोएडा में छात्रा की मौत का रहस्य गहराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-31 स्थित प्रेसिडियम स्कूल में छठीं कक्षा की छात्रा तनिष्का शर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत को 15 दिन से अधिक समय बीत चुके है, लेकिन घटना वाले दिन क्या हुआ यह अभी तक सामने नहीं आया है. तनिष्का की मां तृप्ता शर्मा अब भी उस दिन की सच्चाई जानने को बेचैन है. सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो मैसेज साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी के अंतिम क्षणों का सच सामने लाने की मांग की है।

मिनट 48 सेकंड के इस वीडियो में तृप्ता शर्मा ने कहा मेरी फूल जैसी बेटी थी तनिष्का जिसे मैंने परियों की तरह पाला था। उसे एक बड़े स्कूल में पढ़ा रही थी ताकि उसका भविष्य सुरक्षित हो, लेकिन 4 सितंबर को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आज भी मैं नहीं जानती कि उस दिन स्कूल में मेरी बेटी के साथ क्या हुआ था। जिन हाथों से उसे पाला उसी से उसका अंतिम संस्कार किया.उन्होंने कहा कि सुबह बेटी को हंसते-मुस्कुराते स्कूल छोड़ा था और दोपहर 11:30 बजे स्कूल से कॉल आया कि बेटी बेहोश हो गई है। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। जब वह कैलाश अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने बताया कि तनिष्का अब इस दुनिया में नहीं रही। उसको मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

**स्कूल को सेकेंड होम कहते है:** तृप्ता ने सवाल उठाया कि जिस स्कूल को हम सेकेंड होम मानते है वहां अगर बच्चों की सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं हो सकती तो अभिभावकों का भरोसा कैसे कायम रहेगा? उन्होंने कहा मुझे पता है कि मेरी बेटी वापस नहीं आएगी, लेकिन यह मेरा और मेरी बेटी का हक है कि हमें उसके आखिरी पलों का सच पता चले. क्या हुआ था स्कूल में, क्यों हुआ था? यह सबके सामने आना चाहिए।

**यह है पूरा मामला:** मृतक छात्रा तनिष्का नोएडा सेक्टर-52 की रहने वाली थी और प्रेसिडियम स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ती थी। घटना 4 सितंबर को शिक्षक दिवस के कार्यक्रम के दौरान हुई थी। छात्रा की अचानक तबियत खराब हो गई थी। वह बेहोश हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका जिसके चलते डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित रख लिया है। मामले की जांच सेक्टर-20 पुलिस कर रही है।

## घर से नगदी और सामान चोरी

**नोएडा।** सेक्टर म्यू वन स्थित एक घर से नगदी और सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित मकान मालिक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर म्यू वन में रहने वाले आनंद कुमार राय ने चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि उनके मकान की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है। ग्राउंड फ्लोर के कमरे का किसी ने ताला तोड़कर अंदर रखे पचास हजार रुपये और कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित मकान पर पहुंचे तो घटना के बारे में पता चला।

इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। दादरी कोतवाली प्रभारी का कहना कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## छात्रा शिवानी बनी एक दिन की एसीपी प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मिशन शक्ति का पांचवां चरण महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा अभियान चल है, जो नवरात्रि से आरंभ हुआ। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे इस 30 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों में सुरक्षा का आत्मविश्वास जगाना, अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और सामा. जिक जागरूकता बढ़ाना है। इसके अंतर्गत एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता, पिंक बूथों पर विशेष निगरानी, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता सत्र, लघु फिल्मों का प्रदर्शन तथा ग्राम पंचायत स्तर पर महिला बीट अधिकारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बालिका सशक्तिकरण की प्रेरक पहल में आज एसीपी प्रथम नोएडा प्रवीण कुमार द्वारा कंपोजिट विद्यालय परथला खंजरपुर की छात्राओं को बुलाकर पुलिस कार्य प्रणाली, वहीं कक्षा 8 की एक छात्रा शिवानी को सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम नोएडा के रूप में नियुक्त होने का अनुभव कराया गया। यह कदम बालिकाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रेरक पहल है।

# सनातन धर्म रामलीला में हुआ रावण के जन्म व मरण के कारण का मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वावधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट के निर्देशक पंकज शर्मा के निर्देशन में नोएडा स्टेडियम, सैक्टर 21ए, नोएडा में होने वाली प्रभु राम की लीला मंचन का पूजा अर्चना कर रामलीला का शुभारंभ जनपद-सिद्धार्थ नगर के शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया। श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि आज की रामलीला मंचन में रावण जन्म, रावण तपस्या, रावण वेदवती, रावण द्वारा कैलाश पर्वत को उठाना, शिवजी का प्रसन्न होकर चंद्रहास देना, रावण वेदवती संवाद, वेदवती की प्रतिज्ञा, नलकुब. ेर का श्राप, मातृ पितृ भक्त श्रवण लीला दिखाई गई, रावण के बचपन में किस प्रकार रावण आहत होता है, तपस्या में ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करता है, कैसे रावण अहंकार से ग्रसित होकर रम्भा के साथ दुराचार करता है और नलकुबेर से श्रापित होता है, हरि भक्तिन वेदवती के साथ दुर्व्यवहार के कारण वेदवती रावण की मृत्यु का कारण होने की प्रतिज्ञा लेती है रावण के रूप में अमित शर्मा, रंभा के रूप में सुहानी, वेदवती के रूप में सोनम ने दृश्यों में पात्रों को जीवंत अभिनय किया। मातृ पितृ भक्त श्रवण के करुण भक्ति की लीला का मंचन हुआ, किस प्रकार राजा दशरथ के बाण से श्रवण कुमार का मरण होता है, पुत्र मृत्यु की वेदों में किस प्रकार श्रवण के माता पिता शरीर त्याग देते हैं, दशरथ के रूप में हिमांशु एवं श्रवण के रूप में संभव के करुण अभिनय ने मंचन को जीवित कर दिया। रामलीला मंचन के द्वितीय दिवस के अवसर पर सुशील भारद्वाज, रमेश कुमार, एसकेएस राणा, अनुज गुप्ता, मित्रा शर्मा, विनय वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, विनय शर्मा, प्रदीप कटारिया, अनिल गुप्ता, पवनदीप सिंह, चितरंजन कुमार, तुषार गोयल, कुलभूषण बाली, डा. एस. पी. जैन, विनीत मेहता, रामकुमार शर्मा, चन्द्रपाल सिंह, प्रमोद रंगा, राधाकृष्ण गर्ग, राजेश सिंह, सुन्दर सिंह राणा, प्रताप मेहता समेत हजारो की काफी संख्या में उपस्थित रहें।

# जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को साकार करने के उद्देश्य से आगामी 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में भव्य यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण द्वारा तैयारियों को युद्धस्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इंडिया एक्सपो मार्ट का दौरा कर तैयारियों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है और यह जनपद गौतम बुद्ध नगर के लिए गौरव का विषय है कि इतना भव्य एवं अंतराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम यहां आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन में देश-विदेश से वीवीआईपी, निवेशक, उद्यमी एवं एंटरप्रेन्योर शामिल होंगे। ऐसे में प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस अधिकारीगण पूर्ण समन्वय स्थापित कर सुरक्षा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, परिवहन एवं सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल व्यापार और निवेश का ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आतिथ्य परंपरा और विकासशील छवि को विश्व पटल पर स्थापित करने का भी है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि यहां आने वाले अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वे इस आयोजन के समापन पर प्रदेश के प्रति सकारात्मक संदेश लेकर जाएं। अपर मुख्य सचिव ने यह भी निर्देशित किया कि इस ट्रेड शो के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस आयोजन की जानक. ारी पहुंचे और प्रदेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सके। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव एवं डीजीपी को आश्वस्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षाओं के अनुरूप तथा आज आपके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समय रहते मानकों के अनुरूप पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा लोकेश एम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा रवि कुमार एनजी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार सहित जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेज से बैनामा कर कंपनी की भूमि हड़पने के आरोप में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेज बनाकर कंपनी की जमीन हड़पने का मामला सामन आया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में करनाल हरियाणा निवासी पवन कुमार डीपीएल फर्म्स एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर है। उनका कहना है कि करतार सिंह अनेजा से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। बावजूद इसके उनके नाम से एक फर्जी मुख्तारनामा तैयार किया गया। इस दस्तावेज को 21 मार्च 2024 को सब रजिस्ट्रार सदर ग्रेटर नोएडा कार्यालय में पंजीकृत दिखाया गया। फर्जी दस्तावेज के आधार पर करतार सिंह अनेजा ने अपनी फर्म एसके फर्म के नाम 9 अक्तूबर-2024 को पीड़ित की भूमि को बेच दिया। पवन कुमार का आरोप है कि यह बैनामा जानबूझकर धोखाधड़ी से कराया। इसमें करतार सिंह अनेजा के साथ उनके पुत्र हृदयपाल सिंह, सहयोगी रामबली और वीणा गुणयानी भी शामिल रहे। इन लोगों ने फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करते हुए संपत्ति हड़पी। अब इस बैनामे को असली बताकर एआरओ कलेक्ट्रेट कोर्ट गौतमबुद्धनगर में दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में लगाया गया है।

वहीं दूसरे मामले में करनाल (हरियाणा) निवासी कमल दत्ता का कहना है कि उनकी कंपनी गांव नंगली नंगला की जमीन की मालिक है। आरोप है कि सुखपाल और सहयोगियों ने मालिक न होते हुए भी भूमि का फर्जी बैनामा 7 अक्टूबर 2024 को अम्मुकुटटी बालासुबामनिअन के नाम पंजीकृत करा दिया। इस बैनामे में संजय और हरकेश गवाह बने। 24 जून 2024 को इस भूमि पर स्टे था। 12 जनवरी को आरोपी जबरन कब्जे की नीयत से भूमि पर पहुंचे और बैनामे की फोटो कॉपी दिखाकर जमीन पर अधिकार जताने लगे। जब पीड़ित 19 मई 2025 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय ग्रेटर नोएडा में बैनामे की नकल लेने जा रहे थे। तभी रास्ते में सुखपाल, अम्मुकुटटी, संजय, हरकेश व 3-4 अज्ञात लोग उन्हें उठाकर एक अर्धनिर्मित मकान में ले गए। वहां कोरे कागजात हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाने की कोशिश की गई। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक नजर

### त्यौहारों में गश्त बढ़ाने के निर्देश

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस ऑफिस सूरजपुर में सोमवार शाम मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को त्यौहारों में पैदल मार्च और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने अपराध नियंत्रण, विवेचना निस्तारण, आईजीआरएस प्रकरणों, वांछित अपराधियों और गैंगस्टर ऐक्ट की कार्रवाई करने के लिए कहा। स्ट्रीट क्राइम पर प्रभावी रोक लगाने, गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने और अपराधियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। त्यौहारों के मद्देनजर थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने के लिए कहा गया।

### धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करने का आरोप

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** कंपनी के निदेशक ने चार लोगों पर धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से जमीन बेचने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी के निदेशक पवन कुमार ने न्यायालय को बताया कि नोएडा के नगला नगली गांव में उनकी जमीन है। उनका आरोप है कि करतार सिंह, हृदय पाल सिंह, वीणा और रामबली ने धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कर लिया। आरोप है कि पीड़ित की जगह किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा किया गया है।
पीड़ित का आरोप है कि वह आरोपियों को जानते व पहचानते नहीं है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### यमुना प्राधिकरण की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी के आरोपी को नहीं मिली अग्रिम राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सत्र न्यायालय ने जमीनी धोखाधड़ी के मामले में 18 लाख रुपये की ठगी के आरोपी मधुर सहगल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश ने कहा कि मामला संगठित और सक्रिय आर्थिक अपराध से जुड़ा है। जिसमें आरोपी की भूमिका गंभीर पाई जा रही है।
अभियोजन पक्ष के अनुसार शिकायतकर्ता अंकित शर्मा ने थाना फेज-1 नोएडा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी ने जुलाई 2021 में यमुना भूखंड योजना की वेबसाइट पर प्लॉट स्कीम में पंजीकरण कराया था। योजना में चार श्रेणियों के लोगों को ही पात्र माना गया था और ऑनलाइन ड्रॉ में उनकी पत्नी के नाम प्लॉट निकला था। इसके बाद शिकायतकर्ता कंपनी स्टार इंफासोल प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर पहुंचे। जहां उन्हें मधुर सहगल, अर्चना थापा और अमनप्रीत सिंह ने किस्तों में भुगतान की शर्त पर प्लॉट देने का आश्वासन दिया। वादी पक्ष ने सात किस्तों में कुल 24 लाख रुपये जमा करने का समझौता किया था। तय समय पर छह किस्तों में 18.03 लाख रुपये कंपनी के खाते में ऑनलाइन जमा भी कराए गए। लेकिन, जब वादी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से जानकारी की तो पता चला कि प्राधिकरण ने इस कंपनी के साथ किसी भी तरह की योजना शुरू नहीं की थी। इसके बाद पीड़ित को कंपनी के दफ्तर बंद मिले और आरोपी टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर और झूठे दस्तावेजों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से ठगी को अंजाम दिया। अदालत ने आरोपी की दलीलें अस्वीकार करते हुए कहा कि मामले में आरोप गंभीर हैं और आरोपी की सक्रिय भूमिका उजागर होती है। इसलिए अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता।

### कंटेंट चोरी मामले में केस दर्ज

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-16ए स्थित एक न्यूज चैनल का कंटेंट चोरी करने के मामले में केस दर्ज हुआ है। प्रबंधन ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर निर्धारित दरों पर कंटेंट उपलब्ध कराता है। सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि कुछ समय से उनका कंटेंट चोरी किया जा रहा है। आईपीटीवी वर्ल्ड वेबसाइट और टेलीग्राम चौनल सरब्रिप्रज पर प्रबंधन के कंटेंट का ऑनलाइन उपयोग हो रहा है। संबंधित प्लेटफार्म प्रबंधन अपने सब्सक्राइबर को रुपये उपलब्ध कराने के पश्चात लिंक शेयर कर देते हैं। दोनों प्लेटफार्म पर रकम देकर लिंक खरीदे गए, तब धोखाधड़ी करने की बात सही निकली। इस मामले में आइपीटीवी वर्ल्ड और सरब्रिप्रज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सोसाइटी के फ्लैट में शॉर्ट सर्किट से आग लगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 107 स्थित सनवर्ल्ड वनालिक सोसायटी के 11 नंबर टावर के 201 नंबर फ्लैट में मंगलवार दोपहर पौने तीन बजे आग लग गई। आग की लपटों और धुएं को निकलते देख लोगों ने सूचना रखरखाव टीम और अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन टीम ने दो गाड़ियों की मदद से आग को बुझा दिया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से फ्लैट में रखा लाखों रुपयों का माल जल गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सोसायटी के तीन चार फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल टीम को छह गाड़ियों संग रवाना किया गया, लेकिन मौके पर आग 201 नंबर के एक ही फ्लैट में लगी मिली थी। रखरखाव टीम आग बुझाने में जुटी थी, लेकिन आग बढ़ चुकी थी। टीम ने पहले नीचे से ही पानी की बौछार कर आग को फैलने से रोका और फिर बाहर से सीढ़ियां लगाकर फ्लैट में प्रवेश किया। आग को कड़ी मशक्कत के बाद आधे घंटे में बुझा दिया गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना सामने आया है। उधर, फ्लैट मालिक आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## जिले में डेंगू के चार मरीज मिले

**नोएडा।** मलेरिया विभाग ने मंगलवार को डेंगू के चार नए मरीजों की पुष्टि की। नए मरीजों में एक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मरीजों के घर और आसपास एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव शुरू करा दिया गया है। अब मरीजों की कुल संख्या 334 हो गई है। सितंबर में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ी। इस महीने 255 मरीज मिले मलेरिया विभाग ने पिछले हफ्ते से नोएडा के आठ हॉट स्पॉट में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव शुरू कराया है। इन स्थानों पर पांच से अधिक डेंगू मरीज की पुष्टि अब तक हो चुकी है। मलेरिया के मरीजों की संख्या 85 है।

मलेरिया विभाग के अनुसार अब तक डेंगू के मरीजों में गंभीर लक्षण नहीं दिखे हैं।

## राम हमारे आदर्श पुरुष है, राम ने एक बड़ा त्याग कर पिता की आज्ञा का पालन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा मंगलवार को रामलीला के दूसरे दिनरामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने कहा कि राम हमारे आदर्श पुरुष है, राम का बड़ा त्याग था, जब उसने पिता की आज्ञा का पालन किया और 12 साल जंगलों में रहकर जीवन व्यतीत किया, साथ ही उन्होंने कहा कि सुग्रीव, विभीषण को न्याय दिलाया तथा बाली को मूर्छित कर लंकेश्वर के साथ नीतिगत लड़ाई लड़ी, जिसमें उसने सत्य की जीत प्राप्त किया। साथही मर्यादा का पालन करते हुए माता सीता के लंका से लौटने के बाद आदर्श परीक्षा लेते हुए अग्नि परीक्षा लिया। राम की लीला से सब लोग भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा रामलीला एक ऐसा मंच है जिसमें पूरा परिवार एक साथ बैठकर रामलीला देख सकता है।

रामलीला के दूसरे दिन रामल. ीला संयोजक पंडित कृष्ण स्वामी ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ।

इतना ही नहीं मंगलवार को रामलीला में साधुओं का समूह गान, मारीच-सुबाहु दरबार, साधुओं को प्रताड़ित करना, विष्णु अवतार की घोषणा,श्री राम जन्म , वशिष्ट जी द्वारा नामकरण, बाल लीला, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध ,सुबाहु वध, मारीच वध की लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों और रामलीला देखने आए रामलीला के दर्शकों का स्वागत किया।

# पिता से मारपीट का विरोध करने पर युवती के साथ छेड़खानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-9 में दुकान पर राशन लेने गए पिता के साथ मारपीट का विरोध करने पर युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने फेज-1 थाने में दो महिला समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में एक युवती ने बताया कि वह सेक्टर-9 में परिवार के साथ रहती है। युवती के पिता रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे पास की दुकान पर राशन लेने गए थे। दुकान के सामने वह मोबा. इल पर बात कर रहे थे। वहां मौजूद कुछ लोगों को लगा कि युवती के पिता उनकी वीडियो बना रहे हैं।

युवकों ने जब मोबाइल मांगा तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। इतनी सी बात पर लोग युवती के पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित की बड़ी बेटी, छोटी बेटी और पत्नी मौके पर पहुंच गईं। वहां मौजूद सिकंदर, नूरी, सब्बीर और रवीना ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। सिकंदर और सब्बीर ने शिकायतकर्ता युवती के निजी अंगों को गलत तरीके से छुआ। शरीर के अन्य हिस्से को भी बुरी तरह से टच किया। विरोध करने पर दोनों ने युवती को बंदूक से जान से मारने की धमकी दी। महिलाओं का शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर जमा होने लगे तो आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में सिकंदर, नूरी, सब्बीर और रवीना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। छेड़खानी करने वाले सिकंदर और सब्बीर की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

# निक्की हत्याकांड में मिला पुलिस को गुम मोबाइल

■ घटना के बाद से गायब था, निक्की के परिजनों से मिला, सीसीटीवी टाइमिंग में अंतर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निक्की हत्याकांड की जांच कर रही कासना पुलिस को निक्की का गुम हुआ मोबाइल मिला है। मोबाइल रुपबांस गांव में निक्की के परिजनों के पास से मिला। ये मोबाइल घटना के बाद से गायब था। जिसको लेकर तमाम अटकले लगाई जा रही थी। विपिन के परिजनों ने कहा था कि निक्की की बहन कंचन अपने साथ मोबाइल लेकर गई है। मोबाइल की तकनीकी जांच की जा रही है। हालांकि प्राथमिक जांच में मोबाइल से घटना से संबंधित कोई तथ्य नहीं मिला है। इसलिए डेटा रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस जांच कर रही है मोबाइल वहां पहुंचा कैसे। पहले निक्की के परि. जनों से मोबाइल होने की बात से साफ इनकार कर दिया था। इसके अलावा विपिन के मोबाइल के डेटा भी रिकवर कर लिया गया है। इसमें कुछ संदिग्ध चौट मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही इस मामले में चार्ज शीट भी फाइल करने जा रही है। एसीपी ग्रेटरनोएडा अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। जल्द चार्जशीट फाइल की जाएगी।

**सीसीटीवी फुटेज में मिला समय का अंतर:** विपिन के परिजनों से बताया था कि जिस समय घटना हुई उस समय विपिन घर के नीचे कार धोने की तैयारी कर रहा था। हालांकि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल। जिसमें साफ हुआ कि विपिन के नीचे रहने और घटना में कुछ मिनट का अंतराल था। कंचन ने कहा था कि तीसरे फ्लोर से नीचे आने के तीन गेट है। ऐसे में आग लगाने के बाद विपिन नीचे आया था। पुलिस इस तथ्य को पुख्ता करने में जुटी है।

**21 अगस्त शाम की घटना:** 21 अगस्त की शाम 5.45 बजे जब निक्की लपटों से घिरी घर की सीढ़ियों से उतर रही थी। उस वक्त उसका विपिन भाटी घर में मौजूद नहीं था। वह घर के बाहर एक जनरल स्टोर की दुकान पर खड़ा था। जबकि निक्की के परिजन का दावा है कि विपिन और उसके परिवार वालों ने ही मिलकर निक्की को जलाया है। पुलिस ने ब्ब्ट और एक पुराने वीडियो को अपनी जांच में शामिल किया है। पहले वीडियो में दावा है कि घटना के वक्त विपिन घर के बाहर था। वहीं, दूसरा वीडियो 2024 का है। इसमें विपिन कार में एक लड़की के साथ पकड़ा गया।

## कार की टक्कर से बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 क्षेत्र स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाली बच्ची घेर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान कार ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना पांच दिन पहले हुई। बच्ची के पिता की शिकायत पर सेक्टर-58 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सूरज ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-62 के सी ब्लॉक स्थित झुग्गी-झोपड़ी में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी तीन वर्षीय बेटी संध्या 19 सितंबर को झुग्गी के बाहर खेल रही थी, तभी एक कार के चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची काफी दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई।

टक्कर मारने के बाद कार का चालक कार लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कार का नंबर नोट कर लिया और बच्ची को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर यूपी नंबर की कार के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## गाजे बाजे के साथ निकाली गई राम बारात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में परंपरागत तरीका से होने वाला रामलीला मेला मंगलवार से शुरू हो गया है। रामलीला शुरू होने से पहले कस्बे में पुलिस अभिरक्षा में गाजे बाजे के साथ धूमधाम से राम बारात निकाली गई।

राम बारात को भाजपा नेता रामौतार मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राम, लक्ष्मण, सीता आदि की मनमोहक झांकियों के साथ निकली राम बारात गिरधरपुर स्थित पेट्रोल पंप से शुरू होकर मोहल्ला पड़ाव होते हुए परम्परागत रास्ते से गुजरते हुए शिव मंदिर पहुंचकर वापस मेला स्थल पहुंचकर समाप्त हो गई। रामबारात का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।


इस अवसर पर रामौतार मौर्य, प्रमोद देवल,के पी गंगवार, महेंद्र शर्मा,अरविंद गंगवार, चौ चमन सिंह,डॉ रामौतार गंगवार, संजीव रस्तोगी,दीपक रस्तोगी आदि मौजूद रहे। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# देवरनियां थाने के दरोगा का पीड़ित से रिश्वत लेते वीडियो वायरल

## रंगदारी मांगने और फायरिंग करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के कठर्रा गांव में मेडिकल स्टोर संचालक सेघ् पूर्व विधायक के पौत्रों द्वारा पांच लाख रुपये की रंगदारीघ्न देने पर दुकान पर मेडिकल और दुकान में आगजनी और फायरिंग करने के मामले में आरोपी अभी पकड़े नहीं गए हैं। इसी मामले में देवरनियां कोतवाली के दरोगा द्वारा पीड़ित से 35 हजार रुपए की रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हुआ है, तो वहीं पीड़ित ने आरोपियों की गिरफ्तारी को एडीजी जोन से गुहार लगाई है।



गांव कठर्रा निवासी पीतम सिंह का बरेली-नैनीताल हाईवे किनारे कठर्रा पर विशाल मेडिकल स्टोर है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मयंक वर्मा और शशांक वर्मा दो साल से रंगदारी वसूल रहे हैं, और 19 अगस्त की सुबह दोनों भाई अपने 10-12 साथियों के साथ दो कारों में सवार होकर पहुंचे, और उन्होंने पहले पास की खाटू श्याम कन्फैक्शनरी में आग लगाई, फिर मेडिकल स्टोर पर हमला कर करीब 50 हजार रुपये का नुकसान पहुंचाया, और बैग में रखे 5,500 रुपये छीन लिए। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कान में चोट लगने से सुनने की क्षमता भी खत्म हो गई। इस मामले में मेडीकल संचालक और कन्फैक्शनरी स्वामी द्वारा अलग-अलग दो मुकदमे दर्ज कराए गए थे, जिसमें मंयक वर्मा और शशांक वर्मा समेत कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। मंयक वर्मा और शशांक वर्मा बहेड़ी विधानसभा से विधायक रहे स्वर्गीय अम्बा प्रसाद के पौत्र हैं।

पीड़ित का आरोप है कि विवेचक ने आरोपियों से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने की कोशिश की, और उससे 35 हजार रुपये रिश्वत भी ली। मेडिकल स्टोर में ले रहे इस रिश्वत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इधर पीड़ित ने अब एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा से आरोपियों की गिरफ्तारी को गुहार लगाई है। उसका कहना है कि आरोपी लगातार उसे धमका रहे हैं, और कभी भी जानलेवा हमला कर सकते हैं। उसने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर पति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक ग्रामीण को अपनी पत्नी से दूसरे युवक से बात करने से मना करना काफी महंगा पड़ गया, जिससे नाराज होकर पहले तो अपने मायके चली गयी, बाद में वह मायके वालों को साथ लेकर लाठी डंडे लेकर घर में घुस आयी, और पति को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट महिला के पति की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखना हरचन्दपुर गांव के जगदीश का आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व उसने अपनी पत्नी बब्ली देवी को गांव के ही एक युवक से बात करते हुए देख लिया था, जिस पर उन्होंने उसे डांट दिया, पति की डांट से नाराज होकर वह अपने मायके चली गयी थी।

19 सितम्बर को वह लालाराम, लक्ष्मी देवी व गांव के ही रामकुमार और नन्हेलाल के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस आयी, और सभी ने उसकी पिटाई कर दी। चीख पुकार की आवाज पर आए आस पड़ोस के लोगों ने उसे बचाया। घटना की रिपोर्ट जगदीश की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

## लैपटॉप न खुलने से जांच अधर में लटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील गेट पर चल रहे जनसुविधा केन्द्रों पर फर्जी जाति प्रमाण बनाने का मामला प्रकाश में आते ही तहसील के अधिकारियों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को राजस्व टीम ने अघ्भिलेखों की जांच पड़ताल की, लेकिन लैपटॉप के न खुलने से जांच पूरी नहीं हो सकी है ।

सोमवार को मिली शिकायत पर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देशों पर नायव तहसीलदार सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में तहसील गेट पर चल रहे जन सुविधा केन्द्रों पर फर्जी जाति प्रमाण बनाये जाने की घ्शिकायत पर जांच पड़ताल की थी। टीम ने जांच पड़ताल के दौरान एक लैपटॉप, मोहरें व अघ्भिलेखों को कब्जे में लेकर दुकान में ताला डाल दिया था। इस दौरान एक केंद्र संचालक केन्द्र बन्द कर रफू चक्कर हो गया। मंगलवार को तहसील में टीम ने कब्जे में लिए गए अघ्भिलेखों की जांच पड़ताल की गई, लेकिन लैपटॉप ओपन न होने की बजह से जांच पूरी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि लैपटॉप में फर्जी अभिलेखों के बनाने का सुराग हाथ लग सकता है। नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह टैपटॉप को खुलवाने के प्रयास में लगे हैं, लैपटॉप के खुलने के बाद ही इस मामले की सही जानकारी हाथ लग सकती है।

## बहेड़ी में धूमधाम के साथ निकली राम बारात

■ राम बारात का जगह-जगह पुष्प बरसाकर किया जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मेला श्री रामलीला कमेटी की ओर से नगर में भव्य राम बारात निकाली गई। राम बारात का नगर में जगह-जगह पुष्प बरसाकर व भगवान राम के स्वरुप की आरती उतारकर जोरदार स्वागत किया गया। राम बारात में कई मनमोहक झांकियां साथ चल रही थीं, और अखाड़े अपनी-अपनी कला दिखाते हुए चल रहे थे। राम बारात को देखने के लिए नैनीताल रोड पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

मंगलवार को मेला श्री रामलीला में चल रही रामलीला में राम विवाह का मंचन किया गया। इसके बाद रामलीला मैदान से बैंड बाजों की धुन के साथ नगर में राम बारात निकाली गई। राम बारात में भगवान राम के स्वरुप रथ पर सवार थे। राम बारात में राजा दशरथ के स्वरुप, श्रेष्ठ मुनियों के प्रतिरूप अपने-अपने रथों पर सवार थे। भगवान शिव, श्रीकृष्ण के स्वरुप की मनमोहक झांकियां राम बारात में चल रही थीं। राम बारात का नगर के मेन नैनीताल रोड पर पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। रामलीला गेट से शुरू हुई राम बारात माथुर रोड तिकोनी दुकान, नैनीताल रोड, कोतवाली होते हुए तहसील परिसर में बनी जनकपुरी में पहुंची, जहाँ तहसीलदार एवं मेला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने भगवान राम के स्वरुप सहित सभी देवी देवताओं के स्वरूप की आरती उतारकर व तिलक लगाकर राम बारात का स्वागत किया। इसके बाद राम बारात पंजाबी कॉलोनी, शेखूपुर, होली चौराहा होते हुए गनेश गेट पर पहुंचकर समाप्त हो गई। राम बारात को देखने के लिये नैनीताल रोड सहित प्रमुख स्थानों पर काफी तादाद में लोगों की भीड़ जमा रही। राम बारात का मेला कमेटी के सदस्यों ने पुष्प वर्षाकर व भगवान के स्वरुप की आरती उतरकर जोरदार स्वागत किया। राजा राम उमेश कुमार ज्वेलर्स व राजा ज्वेलर्स पर भी राम बारात का स्वागत हुआ। राम बारात में सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अरुण कुमार सिंह, कोतवाल सजंय तोमर पुलिस बल के साथ चल रहे थे।

## गन्ना समिति पर गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेला हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर की सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 में गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गंगवार ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह सट्टा मेला किसानों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

यहां गन्ना समिति पर आयोजित सट्टा प्रदर्शन मेला दिनांक 23 सितम्बर से शुरू होकर 29 सितम्बर तक चलेगा। इस मौके पर गन्ना समिति अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि नया सदस्य बनने एवं उपज बढ़ोत्तरी रसीद कटाने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर है, इसका कृषक ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों को जमीन, गन्ना रकबा, आधार, बैंक खाता नं0, आपूर्ति साधन, मोबाइल नं0, क्रय केन्द्र परिवर्तन इत्यादि जो भी समस्यायें हैं, इनका समाधान गन्ना सट्टा मेले में उपस्थित होकर सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर इसका समाधान करा लें। 30 सितम्बर के बाद सभी प्रकार के संशोधन बन्द कर दिये जायेंगे। मेले में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय



राव, सचिव प्रभारी राजीव सेठ, महाप्रबन्धक (गन्ना) चीनी मिल बहेड़ी सुभाष तोमर एवं समिति क्षेत्र के बहुत सारे कृषक उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों को सरल ,सुरक्षित एवं डिजिटल बैंकिंग सेवा प्रदान करें बैंक: रीजनल मैनेजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बैंक ऑफ बड़ौदा एवं नगरपंचायत शीशगढ़ के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत अब नगर पंचायत शीशगढ़ के सभी कर्मचारियों के वेतन खाते अब बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले जाएंगे। इस सहयोग के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कर्मचारियों को कई प्रकार की आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

समझौते पर नगर पंचायत शीशगढ़ की चेयरमैन नीलोफर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर पीलीभीत विवेक शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रीजनल मैनेजर विवेक शर्मा ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए यह बड़े गर्व का विषय है कि हमे नगर पंचायत के कर्मचारियों की सेवा का अवसर मिला है। हमारा उद्देश्य है कि हम उन्हें सुरक्षित ,सरल और डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। चेयरमैन नीलोफर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी न केवल कर्मचारियों की बैंकिंग आवश्यकताओं को सुगम बनाएगी बल्कि उन्हें विभिन्न वित्तीय सेवाओं का लाभ भी दिलाएगी।

## धारदार तार की चपेट में आने से युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के भोपतपुर के पास गांव भानपुर में अपनी ससुराल जा रहे एक युवक की बाइक रोड पर गड्ढे में लड़खड़ा गई, और वह खेत किनारे लगे धारदार ब्लेड के तारों की चपेट में आ गया। जहां तारों पर गिरने की वजह से धारदार ब्लेड से उसका पूरा शरीर कट गया। ब्लेड से उसका शरीर इस कदर कटा है कि गर्दन से लेकर पैरों तक पूरा शरीर फट गया, उसके पेट के अंदर के अंग बाहर आ गये। जिसे राहगीरों ने कपड़े से बांधकर संभाला। सूचना मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे, और तुरंत एंबुलेंस से उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

कोतवाली नवाबगंज के गांव बालपुर निवासी ओमकार पुत्र गंगाराम अपनी ससुराल गांव भानपुर जा रहा था कि शाम छह बजे उसकी बाइक रोड पर किसी गड्ढे में फिसल गई और वह खेत किनारे लगे धारदार ब्लेड के तारों की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह से कट गया। पेट में ब्लेड के तार लग जाने से उसके पेट के अंदर के अंग बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर उसके रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, और तुरंत एंबुलेंस से बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल ओमकार के भाई दिनेश शर्मा ने कोतवाली देवरनियां पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका भाई ओमकार अपनी ससुराल भानपुर जा रहा था कि गांव भोपतपुर के पास खड़ा रामनगर निवासी ढाकन लाल के खेतों में लगे तार की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, घायल को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उसका उपचार कर रहा है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस द्वारा घायल की हर संभव मदद की जाएगी।

## डीएम ने दो अपराधियों को जिला बदर एवं चार को किया हाजिरी हेतु पाबंद

■ योगी सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह द्वारा प्रदेश सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत दो पुराने गुण्डा एक्ट के प्रकरणों में अभियुक्तों को जिला बदर किया गया।

जिला बदर होने वाले अपराधियों में सरकार बनाम खतीक उर्फ खलीक पुत्र लईक अहमद, निवासी मोहल्ला टांडा निकट अब्दुल्ला चौधरी मस्जिद, कस्बा व थाना बहेड़ी, बरेली पर विभिन्न धाराओं के 13 मुकदमे 2016 से 2024 तक के हैं।

सरकार बनाम मनोज पटेल पुत्र मान सिंह उर्फ महीलाल, निवासी ग्राम पुरनापुर थाना बिथरी चैनपुर,





बरेली पर विभिन्न धाराओं के 6 मुकदमे 2022 से 2024 तक के हैं, शामिल हैं।

हाजिरी हेतु पाबंद वाले अपराधियों में सरकार बनाम विनायक पुत्र बृजलाल, निवासी मुड़िया अहमदनगर, थाना इज्जतनगर, बरेली पर विभिन्न धाराओं में 3 मुकदमें 2022 से 2024 तक के हैं।

सरकार बनाम विशाल उर्फ बौना पुत्र अब्दुल रहमान, निवासी मो.कचनकुआ कस्बा व थाना शीशगढ़, बरेली पर विभिन्न धाराओं में 2 मुकदमे 2022 व 2023 के हैं।

सरकार बनाम मेंहदी हसन पुत्र नन्हा, निवासी मो. शेखूपुर कस्बा व थाना बहेड़ी, बरेली पर विभिन्न धाराओं में 2 मुकदमे 2021 के हैं।

सरकार बनाम मुजाहिद उर्फ मज्जू पुत्र मो. आबिद, निवासी बाग अहमद अली तालाब थाना कोतवाली, बरेली पर विभिन्न धाराओं में 4 मुकदमे 2022 व 2023 के हैं, शामिल हैं।

उक्त के अतिरिक्त भारतीय शस्त्र अधिनियम, 1959 धारा-17(3) के अन्तर्गत भोलानाथ गुप्ता पुत्र बुद्धसेन गुप्ता, निवासी ग्राम खरदाह, थाना भुता, बरेली के शस्त्र को उसके दामाद द्वारा प्रयोग किया गया है, जिसके फल स्वरूप शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही दिनांक 22 सितंबर को उपशमित की गयी है।

## सांसद ने दशम आयुर्वेद दिवस का किया शुभारंभ





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दशम आयुर्वेद दिवस का आयोजन बडेघ् धूमधाम से आयुष विभाग द्वारा गॉधी उद्यान में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने भगवान धन्वन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे शारीरिक रोगों के साथ-साथ मानसिक रोग की भी निवृत्ति होती है। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार व दैनिक जीवन में आयुर्वेद की अपनाने के सम्बन्ध में आयोजित की गयी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आयुर्वेद प्रचार-प्रसार हेतु रैली गांधी उद्यान से चौकी चौराहे तक तथा वापस गांधी उद्यान तक आयोजित की गयी, रैली में लगभग 500 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसमें आयुर्वेद के स्लोगन भी बोले गये।

अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने कहा कि आयुर्वेद एक पैथी नहीं यह एक विज्ञान है, जिसे सबको अपनाना चाहिए। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम योगाभ्यास किया गया, जिसमें सभी आयुर्वेदिक कालेज, संस्थानों से आये हुये छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जनपद में संचालित सभी 53 आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में बडेघ् हर्ष के साथ आयुर्वेद के दिवस के अवसर भगवान धन्वन्तरि के पूजन के साथ मोटापे के लिए आयुर्वेद आहार, कैंसर देखभाल में आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, इसके अतिरिक्त आम जन को औषधीय पौधों की जानकारी भी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में डा. उमेश चन्द्र, डा. विवेक कुमार मिश्रा, डा. संजीव कुमार, डा. अमरीश अवस्थी, डा. मनोज कुमार, डा. तपिश माहेश्वरी, डा. विश्वजीत कुमार त्रिपाठी, डा. जितिन गुप्ता, अरविन्द कुमार वर्मा, डा. अजय पाल सिंह मौजूद थे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### एक नजर

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** चौकी टांडा छंगा पुलिस ने अवैध 315 बोर का एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने वताया कि चौकी इंचार्ज टांडा छंगा देवेन्द्र सिंह राठी सोमवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ चौकी क्षेत्र में गस्त पर थे तभी ग्राम भैंसिया को जाने बाली सड़क पर पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति टहलता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने दौड़कर पकड़ा और तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस मिला। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अफजाल उर्फ छोटे पुत्र कल्लू उर्फ शरीफ निवासी मानपुर बताया। उपरोक्त किसी अप्रिय घटना की तलाश में था कि उससे पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## चोरों ने नकब लगाकर चोरी करने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव खिरका जगतपुर में अज्ञात चोरों ने दो घरों में नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। परिजनों के जागने पर चोर भाग गए।परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार आधी रात के बाद अज्ञात चोरों ने गांव खिरका जगतपुर निवासी भूपराम गंगवार के घर और कृपेंद्र गंगवार की बैठक में नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। चोरों ने सबसे पहले कृपेंद्र गंगवार के बैठक को निशाना बनाया।लेकिन उसमें उनको कुछ हाथ नहीं लगा। तब उन्होंने भूपराम के घर को निशाना बनाया।प्राथमिक विद्यालय की ओर की दीवार में नकब लगा दिया। अंदर घर में घुसकर समान तलाशने पर समान बजने की आवाज पर परिजन उठ गए। उठने की भनक लगने पर चोर भाग गए। दोनों घरों से चोर कुछ नहीं ले जा सके। सुबह को सूचना पर हलका दरोगा ने घटना का मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर नायरा पेट्रोल पंप के पास सोमवार की रात कस्बे का एक युवक अपनी बाइक से अपने घर आ रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर ही लहूलुहान हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल युवक को बरेली भिजवाया।

कस्बे की नई बस्ती पश्चिमी के रहने वाले अख्तर का पुत्र सलमान सोमवार की रात करीब 11 बजे बाइक से घर लौट रहा था कि उसे बाइपास स्थित नायरात पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर से युवक लहूलुहान होकर वहीं रोड पर ही बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से बरेली भिजवाया, जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

## धान खरीद के लिए मंडी में खुला रजिस्ट्रेशन कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आगामी पहली अक्टूबर से होने वाली धान खरीद के लिए मंगलवार को क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर रजिस्ट्रेशन कैम्प खोल दिया गया है।

खाद्य एवं विपरण विभाग के एएमओ अरविन्द कुमार राठी, मार्केटिंग इंस्पेक्टर विजेंद्र पाल सिंह, रेनू रानी और ज्योति कंबोज ने कैम्प में बैठकर किसानों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराने का आवाहन किया।

## अवैध तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर को दबोचा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत पुलिस ने रहपुरा अंडरपास के पास से कल्लू शाह पुत्र छिद्दन शाह निवासी मोहल्ला भोलेनगर वार्ड-15 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 312 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

आरोपी पेशे से बाबर्ची है तथा थाना फतेहगंज पश्चिमी का 13-बी श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि आरोपी चोरी-छिपे अपराधों में संलिप्त रहता है और वारदात के लिए अवैध असलहा साथ रखता है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, चौकी प्रभारी अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल अक्षय कुमार शामिल रहे।

## देवरनियां पुलिस ने शराब बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**



शराब बनाने के उपकरण समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां पुलिस को आज एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने शराब बनाने की फैक्ट्री के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान में थाना क्षेत्र के गांव कठर्रा निवासी आशिफ पुत्र इस्राईल को मय दो लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है, तथा कब्जे से दो लीटर अवैध शराब व टिन का एक कनस्तर तथा एल्युमिनियम की पतीली एवं 1.5 लीटर लाहान प्लास्टिक बोतल व एक पाइप का टुकड़ा बरामदा किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त आशिफ ने पूछने पर बताया कि साहब मैं गरीब व्यक्ति हूं, शराब बनाकर अपने घर का खर्च चलाता हूं, आज भी मैं शराब बना रहा था तो पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई जितेन्द्र कुमार, राहुल चौधरी, हेड कांस्टेबल शमशुल हसन, कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सपा के कद्दावर नेता आजम खां 23 महीने बाद रिहा होकर रामपुर पहुंचे

## सीतापुर से रामपुर तक समर्थकों ने जगह-जगह किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सपा के कद्दावर नेता एवं मुस्लिम लीडर कहे जाने वाले आजम खान मंगलवार को आखिरकार आज रिहा हो गये। बताते चले कि मोहम्मद आजम खां को 23 महीने पहले भड़काऊ भाषण देने के मामले में जेल चले गये थे जिसमें उनकी विधायकी रद हो गई थी उसी समय से वह सीता. पुर की जेल में बंद थे। आजम के खिलाफ 104 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें अकेले रामपुर में 93 मामले दर्ज हैं। 12 मुकदमों में फैसला आ चुका है। कुछ में सजा हुई है और कुछ में वे बरी हो गए हैं। सभी मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है। 2022 में भड़काऊ भाषण देने के एक मामले में अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम की विधायकी चली गई थी। आजम खां ने कहा- सबका बहुत शुक्रिया। बहुत सी दुआएं उनके लिए (जिन्होंने समर्थन दिया) बसपा में शामिल होने की अटकलों पर आजम कहा- यह केवल वही लोग बता सकते हैं, जो अटकलें लगा रहे हैं। मैं जेल म 534तज' किसी से नहीं मिला। मुझे फोन करने की इजाजत नहीं थी, इसलिए मैं 5 साल तक पूरी तरह से बाहर के संपर्क में नहीं रहा। आजम फरवरी, 2020 में गिरफ्तारी के बाद सबसे पहले रामपुर जेल भेजे गए थे। वहां से उन्हें सुरक्षा कारणों से सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। मई, 2022 में आजम खान जेल से जमानत पर बाहर आ गए। इसके बाद एक मामले में सजा होने के बाद 18 अक्टूबर, 2023 को आजम खान ने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद उन्हें पहले रामपुर जेल भेजा गया, फिर सीतापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया था। हालांकि आजम खां की रिहाई तो सुबह 7 बजे ही हो जाती लेकिन जुर्माना की रकम जमा नहीं होने के कारण समय लग गया सूत्रों के मुताबिक, रामपुर कोर्ट खुलते ही 3-3 हजार रुपए के बकाया चालान जमा किए गए हैं। इसके बाद सीतापुर जेल को कोर्ट से आधिकारिक ई-मेल भेजी जाएगी। ई-मेल मिलते ही सीतापुर जेल से आजम खान की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

माना जा रहा है कि दो से तीन घंटे के अंदर आजम खान जेल से बाहर आ सकते हैं। आजम खान के बसपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा- आजम साहब बहुत बड़े नेता हैं। बहुत सी पार्टियां हैं, जो चाहेंगी कि आजम साहब उनकी पार्टी से जुड़ जाएं। मुझे तो किसी भी बात से ऐसा नहीं लग रहा है कि वह ऐसा कोई फैसला लेंगे।

वह सपा के संस्थापक हैं। उन्होंने इस पार्टी को अपने खून-पसीने से सींचा है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनका सम्मान करते हैं। जितना जुल्म इस आजाद मुल्क में आजम साहब पर हुआ है, उतना किसी पर भी नहीं हुआ है। सब लोग उन्हें देखने और सुनने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। अब वह बाहर आ रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है। रामपुर पहुंचने के बाद समर्थकों का अभिवादन किया।

इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा समर्थकों में भारी जोश देखने को मिला।





## सपा नेता आजम खान का काफिला प्रशासन ने रामपुर बॉर्डर पर रोका

### मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** सपा नेता आजम खान 23 महीने के बाद सीतापुर जेल से रिहा होकर आज लगभग 4:00 बजे मिलक (रामपुर )मीरगंज (बरेली )के बॉर्डर पर पहुंचे बॉर्डर पर पुलिस भारी संख्या में मौजूद थी जहां पर मिलक पुलिस द्वारा आजम खान का काफिला आने से पहले पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग 25 गाड़ियां रोक ली जैसे ही आजम खान का काफिला बॉर्डर पर पहुंचा पुलिस ने मंत्री आजम सहित पांच गाड़ियों को जाने दिया गया सपा सांसद मुरादाबाद रुचि वीरा भी बॉर्डर पर मौजूद रही और पुलिस से उनकी कहा सुनी भी हुई उसके बाद पूर्व मंत्री आजम खान काफिला अपने गंतव्य को रवाना हुआ इसके बाद मिलक के ग्राम धर्मपुरा बाईपास और मेहंदी नगर पर पहुंचने पर वह मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

# भारतीय स्टेट बैंक रामपुर की मुख्य शाखा में हुआ कार लोन मेला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुगलवार को भारतीय स्टेट बैंक रामपुर मुख्य शाखा के प्रांगण में कार लोन मेला का आयोजन किया गया। कार लोन मेला का उदघाटन प्रभात कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राहकों से जी एस टी की घटी दरों का फायदा उठाने को कहा । मुख्य रूप से हुंडई, किया, टोयटा, महिंद्रा एवं टाटा मोटर्स ने स्टॉल लगाकर अपनी अपनी कारों का प्रदर्शन किया। हुंडई, महिंद्रा एवं टाटा की दो-दो, किया एवं टोयटा की एक-एक कुल छ कारों की बुकिंग हुई तथा इन्होंने बैंक से लोन के लिए भी सम्पर्क किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य प्रबंधक रीतेश प्रसाद श्रीवास्तव व देवेश कुमार मित्रा, उप शाखा प्रबंधक रूबी सिंह फील्ड ऑफिसर आयुष मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव धनराज आदि उपस्थित रहे।



# बेलवाड़ा कोसी नदी क्षेत्र में खनन माफियाओं ने खेतों को बनाया तालाब, किसानों ने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के भूबरा एहतमाली कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है खनन माफियाओ ने खेतों को तालाब बना दिया गया है जिससे किसानों की मुश्किल बढ़ गई है।

किसानों ने इस मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भूबरा एहतमाली क्षेत्र के बेलवाड़ा कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। खनन माफियाओ ने मशीनों से अवैध खनन कर खेतों को तालाब बना दिया है इस मामले में राजस्व अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है लेकिन राजस्व कर्मचारियों ने इस मामले में शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया है किसानों का आरोप है की हल्का लेखपाल धर्मेंद्र कुमार खनन माफिया से साठगांठ कर रखी है खेतों को गहरे गढढो में अवैध खनन उठाकर तब्दील कर दिया गया है जिससे किसान काफी परेशान है लेकिन राजस्व अधिकारी इस मामले में मोन पड़े हुए हैं बेलवाड़ा समेत चौहद्दा क्षेत्र में भी अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। इधर इस मामले में शिकायत पर खनन अधिकारी ने भी कोसी नदी क्षेत्र का भ्रमण किया और किसानों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। किसान सोमपाल सिंह, करमजीत सिंह, समेत कई किसानों ने इस मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# दो नफर वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** मंगलवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी शमशाद पुत्र शहजादे निवासी मधुपुरा 2 मो याकूब पुत्र फिदा हुसैन निवासी बिजार खाता को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।



गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0 जितेंद्र कुमार, अंकित कुमार, हे0का0, मोहसिन खान, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# इम्पैक्ट कॉलेज में हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थूनापुर, रामपुर में आज "मिशन शक्ति कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास तथा सुरक्षा के प्रति समझ विकसित करना रहा।

इस अवसर पर रामपुर के पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बहुत से साइबर क्राइम्स, रोड सेफ्टी, डिजिटल अरेस्ट के बारे में छात्र छात्राओं को तफसील से बताया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज की वास्तविक तरक्की तभी संभव है जब हमारी बेटियाँ सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों।

विशिष्ट वक्ता के रूप में निशा खटाना थानाध्यक्ष मिलक खानम ने भी मिशन शक्ति के बारे में छात्र छात्राओं को डिटेल में प्रेजेंटेशन दिया इस अवसर पर अमर सिंह राठौर थानाध्यक्ष भोट तथा एस.एस.आई. भोट भी उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक से अनेक सवाल पूछे जिनका उत्तर स्वयं एस.पी.ने धैर्य और विस्तार से दिया। विद्यार्थियों ने इस संवाद को अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया।

अंत में, कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुलतान अहमद सैफी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अधिकारियों द्वारा दिए गए ज्ञान और मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतारें और समाज के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन एंकर रक्षी मिर्जा और मुबाशिरा हसन ने किया। कॉलेज परिवार से प्रबंध निदेशक (एमडी) सरताज अहमद, निदेशक डॉ. कौशल कुमार तथा कार्यक्रम प्रभारी शिखा शर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त कॉलेज की पूरी फैकल्टी ने सक्रिय योगदान दिया, जिनमें शामिल रहे। सुशील कुमार, शिवम चंद्र, नगमा बी, डॉ. दानिया अहमद, अनुप्रिया वशिष्ठ, डॉ. नजमुल रहमान, डॉ. शाजिया, मोहम्मद आसिफ, मुस्कान, सूरज गंगवार, अनीस अहमद, यासमीन जैदी, रूबी आशरा, शुवेब त्यागी, यासिर अली खान, मोहम्मद आरिफ, डॉ. विक्की सैनी, रेहान नैयर, डॉ. तस्नीम-उन-निसा, डॉ. छाया, खुशबू सिंह, इस्लामुद्दीन, मीनाक्षी शर्मा और दीपेश कुमार।



# चोरी की मोटर साईकिल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** मंगलवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर चोरी बाईक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए।मुखबिर की सूचना पर राशिद पुत्र शाहादतअली निवासी मो0अगलगा वार्ड नं 7 को चोरी की मोटर साईकिल के साथ सब्जी मंडी ट्यूबबेल के पास से गिरफ्तार किया गया व सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 लईक अहमद,अर्पित कुमार,कमलजीत आदि मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मनाया विश्व आयुर्वेद दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा विश्व आयुर्वेद दिवस पर जिला पंचायत परिसर में आयोजित प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी की उपस्थिति में फीता काटकर एवं भगवान धन्वंतरि जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शहर विधायक ने प्रदर्शनी में लगे आयुर्वेदिक दवाओं के स्टॉल, योग विधा, पंचकर्म एवं यूनानी के स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही योग प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुर्वेद वास्तव में मानव और धरती के लिए वरदान है। आयुर्वेद से रोगों का न केवल समूल नाश होता है, बल्कि रोगों की वृद्धि को भी सीमित किया जा सकता है।



विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने कहा कि आयुर्वेद एक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ही नहीं है, बल्कि व्यक्ति और पर्यावरण के बीच सामंजस्य के सिद्धांत में निहित एक विज्ञान है। आयुर्वेद रोगों के मूल जड़ की पहचान करते हुए निदान देता है।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. बन्दना रानी ने कहा कि तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं जैसे मोटापा, मधुमेह, गुर्दा रोग, पाचन संबंधी, लीवर के रोग, हृदय रोग, कैंसर आदि से बचाव में आयुर्वेद चिकित्सा काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोगों की बढ़ती अपेक्षाओं से आयुर्वेद चिकित्सकों की लोगों को बेहतर आयुर्वेद चिकित्सा देने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। डॉ. बन्दना ने बताया कि विश्व आयुर्वेद दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय जिला पंचायत से गांधी समाधि तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राओं, निजी चिकित्सक, फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने प्रतिभा किया।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जनपद में निबंध प्रतियोगिता, हर्बल गोष्ठी, आयुर्वेद चिकित्सा प्रदर्शनी, आयुर्वेद अपनाने का संकल्प-पत्र, हवन-पूजन, चिकित्सा शिविरों के आयोजन किये गये।

कार्यक्रम में डॉ. मनोज, डॉ. चंचल, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. योगेंद्र गंगवार, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. कुलदीप सिंह चौहान एवं अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भक्तों ने माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर रखा उपवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में मंगलवार को द्वितीय नवरात्र में श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा के नवें स्वरूप में से द्वितीय स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर उपवास रखा।

नगर में माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम व शिवालय मंदिर पर भक्तों ने प्रसाद फल फूल नारियल मिष्ठान आदि चढ़ाकर मन्नतें मांगी कहा जाता है माता ब्रह्मचारिणी की पूजा जो भक्त मन श्रद्धा भाव से करता है माता ब्रह्मचारिणी देवी उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है।

माता रानी पीले रंग के वस्त्रों को धारण करती है माता को पीले पुष्प, पीला भोग अति प्रिय है माता के भक्त माता को प्रसाद में पीला भोग अर्पित कर माता रानी को प्रसन्न करते है माता रानी के यह नौ दिन बहुत ही पवित्र माना जाता है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुआ भव्य आयोजन, गूंजे भक्ति गीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अग्रवाल वंश के जनक महाराजा अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती पर अग्रवाल सभा रामपुर द्वारा सोमवार देर शाम चम्पा कुंवरी धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष प्रवेश कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर और महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसी के साथ वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का रंग छा गया।

बरेली से पधारे पंडित जी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर ज्वाला मइया का जागरण किया। जागरण के दौरान माता की भेंटों और भजनों से पूरा पंडाल गूंज उठा। भक्त भावविभोर होकर मां की महिमा का गुणगान करते रहे।

आरती के उपरांत सभी अग्रवाल बंधुओं और श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने न सिर्फ अग्रवाल समाज को एकजुट किया बल्कि भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत किया।

सभा के अध्यक्ष प्रवेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रस. ेन जी ने समाज को एकता, सहयोग और सेवा का मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाएं।

सभा के महामंत्री डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि अग्रसेन जी की नीतियां हमें यह सिखाती हैं कि समाज तभी प्रगति करता है जब हर व्यक्ति एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आए। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस भव्य आयोजन ने अग्रवाल समाज को गौरव और एकता का संदेश दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत रहेगा।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, गिरिराज सरन अग्रवाल, मन्त्री ईश्वर सरन अग्रवाल, दीपक जिन्दल, कोषाध्यक्ष सुमित गोयल, भंडार मंत्री सचिन सिंघल एवघ सभा के संरक्षक पवन कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, सदस्य सचिन अग्रवाल एडवोकेट, अरविन्द कुमार अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, पुषपेनद्र अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, अविकल सिंहल, संजय गर्ग, गोविंद अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, निमिष सिंहल, सुमित अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, गौरव जैन, मोनिका जैन, कुमकुम, नमिता, पूनम, नीलम, अमिता, संगीता, अरूणा, प्रशाली, शैफाली, मोनिका, अंजली, रेनू, शिल्पी के अलावा बड़ी संख्या में शहर के अग्रवाल परिवार उपस्थित रहे।



# आयुर्वेद केवल चिकित्सा ही नहीं स्वस्थ जीवन शैली है: डा.कुलदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**विश्व आयुर्वेद दिवस पर नाडी द्वारा प्रकृति एवं दोष जांच एवं निवारण परामर्श शिविर**

**रामपुर।** पुरानी तहसील बिलासपुर में आयूर्वेद नाडी प्रकृति परीक्षा एवं मर्म चिकित्सा शिविर के दौरान आयुर्वेद मनोचिकित्सक कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा ही नहींक्क स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। जन्म से ही प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति निर्धारित होती है उस प्रकृति के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्याक्क आहारख्र विहार और विचारों का पोषण करना चाहिए। इससे स्वास्थ्य की हानि होने का खतरा न्यूनतम रहता है। यदि छोटीख्रमोटी कोई स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होती है तो उसे आयुर्वेद उपाय से काबू पाया जा सकता है। असाध्य और गंभीर रोगों में आयुर्वेद जीवनशैली और निवारण विधि द्वारा नियंत्रण पाया जा सकता है। वास्तव में आयुर्वेद को सहायक चिकित्सा पद्धत्ति में नहीं तोलना चाहिए। आयुर्वेद स्वास्थ्य के लिए मूल चिकित्सा है। इस दौरान संदेश जैनक्कदयानन्द सुआल आदि मौजूद रहे।



# कोसी नदी क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से मचा हड़कंप, नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने पट्टी कला कोसी पुल के नीचे दो दिन पुराना एक अज्ञात शव बरामद किया है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। चौकी क्षेत्र के पट्टी कला में फोरलेन मार्ग के कोसी पुल के नीचे झाड़ियों में पुलिस ने सूचना पर एक शव बरामद किया है। पुलिस ने लाश की शिनाख्त के लिए ग्रामीणों को एकत्र किया और आसपास के गांव में भी मुनादी कराई गई लेकिन लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली की कोसी नदी क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और शिनाख्त कराने की कोशिश की। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है।

# हादसा नहीं, हत्या थी रोजगार सेवक की मौत

## पूर्व प्रधान समेत तीन हत्यारोपी गिरफ्तार, बुलेरो, बाइक व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रोजगार सेवक की दुर्घटना में मौत नहीं हुई थी बल्कि चुनावी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अपनी बुलैरो कार से टक्कर मारकर उसे मौत की नींद सुला दिया था। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मूंढ़ाखेड़ा निवासी राजकुमार रोजगार सेवक थे। 30 अगस्त की शाम वह अमरोहा ब्लॉक से विभागीय काम निपटाकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। भेड़ा भरतपुर के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल हुए राजकुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने रोजगार सेवक राजकुमार का अंतिम संस्कार कर दिया था। मृतक के बेटे सजल ने बाद में प्रधानी चुनाव की रंजिश में पिता की हत्या की आशंका जताई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह व उसके भाई जितेंद्र के अलावा चार-पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो सामने आए सुबूत ने हादसे को हत्या का रूप दे दिया।



बाकी काम एसओजी-सर्विलांस टीम ने पूरा कर दिया। रूट ट्रैक करने पर संदिग्ध बोलेरो ने पुलिस के शक की सुई को पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह की तरफ मोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने राजकुमार हत्याकांड का खुलासा किया। बताया कि मामले में मुकदमे में नामजद वीरेंद्र सिंह के अलावा रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव आरकपुर माफी उर्फ आरिफपुर के रहने वाले अंकुर तथा गजरौला के मोहल्ला जवाहर नगर के रहने वाले बिट्टू की गिरफ्तारी की गई है। हत्यारोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई बोलेरो के अलावा एक बाइक व कुछ नकदी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक करीब चार साल पहले तक हत्यारोपी पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह और मृतक रोजगार सेवक राजकुमार एक साथ ही प्रॉपर्टी का काम करते थे। राजुकमार के गांव की एक महिला से संबंध थे। जिसे घुमाने के लिए राज. कुमार अक्सर वीरेंद्र सिंह की गाड़ी का इस्तेमाल किया करता था। आखिर में डर की वजह से वीरेंद्र सिंह ने राजकुमार को गाड़ी देने से मना कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच गांव के मंदिर निर्माण में लगे पैसों लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद से ही दोनों के रास्ते अलग हो गए थे। बकौल पुलिस, इसी रंजिश में राजकुमार महिला से वीरेंद्र सिंह के खिलाफ झूठी शिकायतें कराता रहता था। अब वीरेंद्र सिंह दोबारा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था लिहाजा राज. कुमार फिर से झूठा मुकदमा दर्ज कराने की साजिश रच रहा था। वीरेंद्र ने यह बात अपने रिश्तेदार अंकुर और बिट्टू को बताई थी। इसके बाद ही तीनों ने मिलकर राजकुमार की हत्या की योजना बनाई थी जिसे हादसे का रूप देने के लिए एक सप्ताह पहले बोलेरो व सिम कार्ड खरीदा था।

**■ चुनावी रंजिश को लेकर की थी हत्या,**
**■ एसपी ने किया हत्या का खुलासा**

# बाइक-ट्रैक्टर ट्राली से टकरायी छात्र की मौत

## दुकान बंद कर लौट रहा था घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार छात्र की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटना स्थल आ गयी।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी में पेशे से किसान मुनाजिर हुसैन का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा छह बेटे-बेटियां हैं। तीसरे नंबर का 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद शमी शहर कोतवाली क्षेत्र में जेएस हिन्दू कॉलेज रोड (मच्छरट्टा) में मोबाइल की दुकान करता था। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बने मोहम्मद शमी रोजाना की तरह दुकान बंद करने के बाद बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि गांव के पास ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि गंभीर घायल मोहम्मद शमी की मौके पर ही मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार के कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन व रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए। जिंदा होने की उम्मीद से परिजन मोहम्मद शमी को निजी अस्पताल भी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया और शव घर ले गए। मंगलवार को मृतक को सुपुर्देखाक कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि हादसे में युवक की मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है लिहाजा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



■ गजरौला। गैस रिसाव की की घटना के बाद जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी।

# बेस्ट क्रॉप में गैस रिसाव से अफरा-तफरी

**■ घंटों तक लोगों को हुई परेशानी, अधिकारी पहुंचे**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोमवार की रात को बेस्ट क्रॉप कंपनी के वेयरहाउस में रखे केमिकल से गैस रिसाव के कारण पांच घंटों तक लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। हाइवे पर ऐसा नजारा हो गया था कि मानो को. हरा छा गया हो। अल्लीपुर, नाईपुरा आदि समेत आसपास के कई गांवो में लोगों को सांस लेने में दिक्कत रही। सूचना मिलते ही एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार समेत सरकारी अमला मौके पर पहुंच गया था। रात के दो बजे स्थिति पर नियंत्रण किया गया। लोगों ने कंपनी पर पहुंचकर प्रबंधन से नोंकझोंक की, काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। वहीं मंगलवार को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने भी फैक्ट्री पहुंची और जायजा लेते हुए नोटिस जारी किया। बता दें कि सोमवार की रात करीब 8:30 बजे बेस्ट क्रॉप कंपनी के वेयरहाउस में रखे केमिकल से गैस का रिसाव हुआ। जिससे पूरे शहर में प्रदूषित धुंध छा गई। दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग का ऐसा नजारा हुआ कि जैसे सर्दियों के सीजन में कोहरा छा गया हो। मोहल्ला अल्लीपुर के लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने हंगामा करते हुए औद्योगिक इकाइयों पर जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। यहां के रहने वाले समरपाल सैनी, बीना देवी, शारदा देवी, सरोज, सरोज देवी, कस्तूरी देवी, जमा देवी, रवि सेनी, विपिन कुमार आदि को सांस लेने में दिक्कत हुई और तबियत बिगड़ गई। मुहल्ला नाइपुरा के सभासद पति फुरकान अली व सभासद चरण सिंह भी कंपनी के गेट पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। उधर, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, एफएसओ कमलेश मिश्रा, ईओ ललित कुमार आर्या मौके पर आए। रात के दो बजे स्थिति नियंत्रण में हो सकी। बता दें कि कुछ समय पहले भी शहर में गैस रिसाव हुआ था और इसी बेस्ट क्राप कंपनी पर ही गैस रिसाव के आरोप लगे थे। इस बार भी इसी कंपनी से कैमिकल से गैस रिसाव हुआ।

### प्रदुषण बोर्ड की टीम ने भी लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बेस्ट क्राप साइंस प्राइवेट लिमिटेड से हुए गैस रिसाव के बाद मंगलवार को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की तीन सदस्य टीम कंपनी परिसर पहुंची और यहां पर गैस रिसाव आदि से सम्बंधित घटना के बारे में जानकारी ली और साक्ष्य जुटाए। कंपनी को नोटिस भी जारी किया। नगर पालिका व तहसील प्रशासन की ओर से भी प्रदुषण नियंत्रण विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं कंपनी के प्रबंधक सुबोध कुमार का कहना है कि कंपनी के किसी प्लांट से गैस रिसाव नहीं हुआ बल्कि वेयरहाउस में रखे कच्चे माल में आपस में सम्पर्क में आए केमिकल से धुएं की स्थिति बनी।

# दबंगों ने मजदूर पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दबंगों ने मजदूर पर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के बाईखेड़ा निवासी कृपाल सिंह के पुत्र कोशिंदर ने मंगलवार को पुलिस को एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि जब वे अपने घर के सामने बुग्गी से धान उतार रहे थे तभी गाँव के ही एक युवक ने उनके सिर पर ईंट से हमला कर दिया और अपने घर भाग गया। कोशिंदर जब इस हमले की शिकायत करने उसके घर पहुँचे तो वहाँ पहले से मौजूद कुछ दबंगों ने घर का दरवा. जा बंद कर लिया और धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई. जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गये। इस घटना के बाद, कोशिंदर अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुँचे और पुलिस को लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को मेडिकल जाँच के लिए भेजा। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंगलवार का दिन नगरवासियों के लिए ऐतिहासिक रहा, जब श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात नगर के मुख्य मार्गों से धूमधाम से निकली। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक हरपाल सिंह और पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने फीता काटकर व विधिवत पूजन कर किया।

भव्य रथ पर सजे-धजे भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छवि देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ख्र माता सीता, महाराजा दशरथ, गुरु वशिष्ठ, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, हनुमानजी और शेरों वाली माता ख्र ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर राम बारात



का स्वागत किया। बैंड की मधुर धार्मिक धुनों पर भक्त थिरकते नजर आए, वहीं अखाड़े के वीर जवानों ने करतब दिखा कर वाहवाही लूटी और मटकी फोड़ कर लोगों को रोमांचित किया। बरात अयोध्या बने रामलीला मैदान से शुरू होकर बाईपास मार्ग, अहिंसा स्तंभ चौराहा, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा व कटरा तिकोना स्कूल से होती हुई लाला नेमकुमार जैन के सेण में जाकर संपन्न हुई। मुख्य बाजार में जनकपुरी सजाई गई, जहां माता सीता ने भगवान राम के गले में वरमाला पहनाई। इसके बाद गुरु वशिष्ठ ने पूरे वैदिक विधान के साथ राम-सीता विवाह सम्पन्न कराया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सदस्यों ने कन्यादान कर धर्मलाभ प्राप्त किया। श्रद्धालु जयश्रीराम के उद्घोष के साथ पूरी रात भावविभोर होकर इस दिव्य दृश्य के साक्षी बने। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सरदार सेवा सिंह, समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह,सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह, पारस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरी नगरी राममय वातावरण में सराबोर हो गई और हर गली में गूंजता रहा।

# दुर्घटना के आरोपी ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

## हादसे में युवक की हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तेज गति से दौड़ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ढेकला निवासी ओमवीर पुत्र रम्मू सिंह 6 सितंबर को माइक पर सवार होकर अपनी मोटर साइकिल से अपने घर को आदमपुर से लौट रहा था। ढेकला मोड़ के समीप सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे ओमवीर सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया था।परिजन उपचार के लिए पाकबड़ा के टीएमयू अस्पताल ले गये थे। लेकिन उपचार के दौरान ओमवीर की 9 सितंबर को मौत हो गई थी। परिजनों ने गमजदा माहौल में ओमवीर का अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी गई थी। उस समय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं कियाथा। लेकिन पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक देवेंद्र पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम मासकपुर माझरा थाना आदमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारपीट में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। झगड़े का समझौता करने के लिए धोखे से बुलाने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के पिता के साथ मार पीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है पुलिस ने तीन के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है थाना आदमपुर निवासी राम सिंह पुत्र राम ने अपनी पुत्री ममता की शादी क्षेत्र के गांव बड़ा माजरा निवासी जीवन पुत्र रामवीर सिंह के साथ काफी दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद ममता को पति व ससुराल के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस समय उनका झगड़े का मुक. दमा भी चल रहा है। ममता का आरोप है कि उसके ससुर ने उसे फोन कर कहा कि झगड़े को समझौते से निपटा लो। इस पर वह वह अपने पिता को लेकर झगड़े का समझौता करने के लिए उनके बताये हुए स्थान पर पहुंच गई। उनको देखते ही ससुराल पक्ष के लोगों ने गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी तथा उनके साथ मारपीट करने लगे। राम सिंह ने गालियां देने को मना किया तो आरो. पियों ने लात घूंसों से पिटाई करनी शुरू कर दी। उसकी जेब में रखें 5000 भी आरोपियों द्वारा निकाल लिए गये। और जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें वहां से खदेड़ दिया। पीड़ित जैसे तैसे कर थाने पहुंचे तथा पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने जीवन पुत्र रामवीर, केशव पुत्र रामवीर, अमित पुत्र रामवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरो. पियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है।

# ब्रहमचारिणी से की परिवार की समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दूसरे नवरात्र पर मां के भक्तों द्वारा मां ब्रहमचारिणी की अर्चना कर उनसे परिवार के लिये सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन भी देवी मंडपों में उनका अपार भीड़ रही। माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। हर कोई उनकी भक्ति में लीन नजर आ रहा था।

मंगलवार को दैवी मां के दूसरे स्वरूप माता ब्रहमचारिणी का गुणगान पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ किया गया। हर कोई उनकी भक्ति में डूबा नजर आ रहा था। देवी मंडपों से माता के जयकारों की गूंज सुनाई दी। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। लोगों ने मंदिरों से लेकर घरों तक उनकी आराधना की। व्रत रखकर उनका गुणगान किया। सांय के समय प्रसाद चढ़ाकर माता की आरती के बाद व्रत खोले गये। लोगों में पूर्व की तरह इस बार भी नवरात्र पर उत्साह देखते ही बन रहा है। खासकर युवा वर्ग तो इस नवरात्र को पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। मंगलवार को भी बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। लोगों ने अपनी पसंद का सामान खरीदा तथा माता की आराधना की। माता ब्रहमचारिणी को ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की प्रतिमूर्ति कहा जाता है। मान्यता है कि जो भी भक्त उनसे सच्चे मन से मुराद मांगता है वह उसे पूरा जरूर करते है। जिस कारण मंगलवार को माता के जयकारें दूर तक सुनाई दिये।

# दूसरे नवरात्र पर हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मंगलवार को शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। ज्ञान तपस्या और वैराग्य की देवी मानी जाने वाली मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से भक्तों में त्याग और संयम की भावना जागृत होती है। घ्पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। हजारों वर्षों तक अन्न-जल त्याग कर तप करने के कारण ही उन्हें ब्रह्मचारिणी (जिसका अर्थ है शतपस्या का आचरण करने वालीश) नाम दिया गया। उनका स्वरूप अत्यंत सरल और सौम्य है। वे सफेद वस्त्र धारण किये हुए हैं। और उनके एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे में कमंडल है।घ्यह माना जाता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उनकी आराधना से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। और



व्यक्ति में दृढ़ निश्चय और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं। यह पूजा इस बात का संदेश देती है कि सच्ची श्रद्धा और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। घ्हसनपुर तहसील के सैदनगली, ढबारसी, उझारी, रहरा, आदमपुर सहित कई ग्रामीण इलाकों में भी भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल को मंदिरों के आसपास तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। भक्तों ने मां के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और अपनी सुख-शांति की कामना की।



■ अमरोहा। कोट चौराहा स्थित दुकान से जीएसटी छूट के बारे में जानकारी लेतीं डीएम।

# जीएसटी की घटी दरों पर ही बेचें सामान

## डीएम ने पैदल घूमकर लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शहर में पैदल घूमकर दुकानदारों के पास पहुंच जीएसटी की नई दरों के बारे में जानकारी एकत्र ली तथा व्यापारियों से ग्राहकों को जीएसटी की नई दरों के अनुसार सामान बेचें।

मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पैदल ही कई दुकानों पर पहुंच जीएसटी की संशोधित दरों के बारे में जाना। वह वी मार्ट स्टोर पहुंचीं उन्होने कपड़ों व अन्य सामानों पर जीएसटी में की गयी कमी के बारे मे बताया। 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत लागू की गयी दरों पर ही सामान बेचने के लिए उन्हें निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने न्यू सुपर किराना स्टोर पर पहुंचकर दुकानदार से संवाद किया। चतुर्वेदी बैकरी पर पहुंच जीएसटी के बारे में जानकारी ले उन्होंने बताया कि जिन पदार्थो पर जीएसटी की लागू घटायी गयी हैं ग्राहकों को उन्हीं दरों से सामान की बिक्री करें। इस दौरान उनके साथ सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार पर हमले में चार पर रिपोर्ट

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बाइक से घर लौट रहे किसान पर दबंगों ने हमला कर दिया तथा जेब में रखे तीन हजार रूपये भी लूट लिये। शिकायत करने के बाद भी जब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर घना निवासी कंचन कुमार का आरोप है कि गांव देहरा का रहने वाला बिट्टू, गाजियाबाद पुलिस लाइन में तैनात दरोगा विपिन सिंह, मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव दयानतपुर का रहने वाला अजय और बछरायूं का रहने वाला अंकित उनके साथ रंजिश रखते हैं। 20 जून की रात में नौ बजे कंचन सिंह अमरोहा से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि कैलसा बॉर्डर पर बिजली घर के सामने पहले से घात लगाए बैठे बिट्टू, दरा. ेगा विपिन सिंह, अजय और अंकित ने रोक लिया। अर्घधिकारियों से शिकायत करने का हवाला देते हुए मारपीट की। जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। आरोप है कि चारों ने जेब में रखे तीन हजार रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरता हुआ पाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कार में सवार होकर फरार हो गए। मामले में पीड़ित कंचन कुमार ने थाना पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बिट्टू, विपिन सिंह, अजय और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आरोपी विपिन को दरोगा बताया जा रहा है, इस संबंध में गाजियाबाद पुलिस से रिपोर्ट ली जाएगी

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत




### भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुम. राह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गें. दबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाक. ेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबा. जी? मुस्तफिजुर रहमान, द फ़िज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

● **कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



● **लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़िद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुशैन अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



● **सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगद. ीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

● **बोले: ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**



**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लार्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

## ● ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



● **चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिरी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

● **डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी'ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं नि:शब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन




● **भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओव. रसीज ड्राफ्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विद. ेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुम. ति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंजूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माओ.
ेवादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो





शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा, डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल, प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

### ग्लिसरीन फेस मास्क

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

### ओटमील मास्क

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

### पपीता फेस पैक

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा, डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल, प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।



गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ष्रानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

### स्थापत्य विशेषताएं-

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

### कलात्मक सौंदर्य

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारऋ की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

### वर्तमान स्थिति और पर्यटन

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

### कैसे पहुंचे?

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिन: शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



योगेश कुमार गोयल

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यत: नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयऋ की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।




■ उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं
■ फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी



**मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।**

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गई और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टड्ररिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

### संक्षिप्त समाचार

#### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतराः वेनेजुएला

**कराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

#### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

#### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

■ बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

## बोलाः देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और



### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

■ मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।



■ चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

## रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदमः भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोलेः मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

# पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोलेः ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहाः ये इनाम नहीं अधिकार है

**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।




## यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।

